संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरुवार 28 मई 2026 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्ष: 20 अंक: 148 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## रक्षा मंत्रालय ने निजी क्षेत्र की तीन कंपनियों को भेजा 'रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल'




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** आखिरकार भारत में बनने वाले पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) के निर्माण से हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को शॉर्टलिस्ट की गईं तीन कंपनियों को 'रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल' भेज दिया है। परियोजना के तहत लगभग 15 हजार करोड़ की लागत से 5 प्रोटोटाइप विकसित किए जाएंगे। यह ट्विन-इंजन वाला रडार की पकड़ से दूर रहने वाला लड़ाकू विमान होगा जो सुपर-क्रूज क्षमता के साथ अत्याधुनिक सेंसर से लैस होगा। निजी क्षेत्र की भागीदारी में पहली बार रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और वैमानिकी विकास एजेंसी (एडीए) के साथ मिलकर प्रोटोटाइप बनाए जाएंगे। इसीलिए टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स, लार्सन एंड टुब्रो-भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और भारत फोर्ज-बीईएमएल को टेंडर भेजा गया है।

## देश में स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च तीन गुना बढ़ा, जेब से इलाज का खर्च घटा : राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को भारत के राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा (नेशनल हेल्थ अकाउंट्स-एनएचए) 2022-23 की रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक दशक में देश में स्वास्थ्य क्षेत्र पर सरकारी खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जबकि लोगों की जेब से होने वाला इलाज खर्च लगातार कम हुआ है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया कि वर्ष 2013-14 से 2022-23 के बीच सरकारी स्वास्थ्य व्यय (जीएचई) तीन गुना बढ़कर 1.30 लाख करोड़ रुपये से 3.85 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। इसी अवधि में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च की हिस्सेदारी 1.15 प्रतिशत से बढ़कर 1.43 प्रतिशत हो गई। नई जीडीपी श्रृंखला के आधार पर यह आंकड़ा 1.48 प्रतिशत बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार कुल स्वास्थ्य व्यय (टीएचई) में सरकार की हिस्सेदारी भी लगातार बढ़ी है। वर्ष 2013-14 में यह 28.6 प्रतिशत थी, जो 2022-23 में बढ़कर 43.7 प्रतिशत पहुंच गई। वहीं, आम लोगों द्वारा अपनी जेब से इलाज पर किया जाने वाला खर्च (आउट-ऑफ-पॉकेट एक्सपेंडिचर) घटकर 64.2 प्रतिशत से 43.4 प्रतिशत रह गया है।



**इलाज पर खर्च**

पिछले एक दशक में देश में स्वास्थ्य क्षेत्र पर सरकारी खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है : रिपोर्ट

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम9 जे एवाई), सामाजिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के प्रयासों से लोगों पर आर्थिक बोझ कम हुआ है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि कोविड-19 महामारी के दौरान सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में अतिरिक्त निवेश किया। वर्ष 2021-22 में सरकारी स्वास्थ्य व्यय जीडीपी के 1.84 प्रतिशत तक पहुंच गया था। इसमें इमरजेंसी कोविड रिस्पॉन्स पैकेज और दुनिया के सबसे बड़े कोविड टीकाकरण अभियान पर हुआ खर्च शामिल था। इसी दौरान लोगों की जेब से इलाज पर खर्च घटकर 39.4 प्रतिशत तक आ गया था।

## फास्ट न्यूज

### दिल्ली में 7.72 लाख से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' (एबी-पीएम-जेएवाई) के तहत राजधानी में स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में कुल 7,72,129 आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिनमें 'वय वंदना योजना'(वीवीएस) के तहत 2 लाख 90 हजार 475 कार्ड और नॉन-वीवीएस श्रेणी के तहत 4 लाख 81 हजार 654 कार्ड शामिल हैं। इसके माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों और पात्र परिवारों को स्वास्थ्य सेवा कवरेज का लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एबी-पीएम-जेएवाई योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा सहायता को और मजबूत कर रही है, जिसके अंतर्गत नागरिकों को 10 लाख रुपए तक का कैशलेस स्वास्थ्य कवरेज पाने के पात्र हैं। इसमें केंद्र सरकार की एबी-पीएम-जेएवाई योजना के तहत 5 लाख रुपये का कवरेज और दिल्ली सरकार द्वारा दिया जाने वाला अतिरिक्त 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवरेज शामिल है। इस योजना के तहत अब तक 46 हजार 963 लाभार्थियों ने इलाज का लाभ उठाया है, जबकि 86.22 करोड़ रुपये के 34 हजार 715 क्लेम का निपटारा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि एबी-पीएम-जेएवाई योजना के तहत दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने के लिए पैनल में शामिल 233 अस्पतालों के एक मजबूत नेटवर्क का समर्थन मिल रहा है, जिसमें 181 प्राइवेट और 52 सरकारी अस्पताल शामिल हैं।

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 (उच्च शिक्षण संस्थान एवं पॉलिटेक्निक) के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। ये आवेदन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे।

'एसआईआर की प्रक्रिया को केवल इसलिए आयोग के अधिकार से बाहर नहीं कहा जा सकता क्योंकि यह सामान्य संशोधन प्रक्रिया से अलग है'

# सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर को बताया वैध व संवैधानिक

**ऐतिहासिक निर्णय**

एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान चुनाव आयोग ने अपनी वैधानिक शक्तियों के बाहर काम नहीं किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारत में चुनाव प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में बुधवार को एक ऐतिहासिक निर्णय सुनाया। उच्चतम न्यायालय ने मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने के चुनाव आयोग के अधिकार को वैध और संवैधानिक बताते हुए कहा कि इसका सीधा संबंध निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित करने से है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान चुनाव आयोग ने अपनी वैधानिक शक्तियों के बाहर काम नहीं किया। निर्णय में साफ तौर पर कहा गया कि एसआईआर की प्रक्रिया को केवल इसलिए चुनाव आयोग के अधिकार से बाहर नहीं कहा जा सकता क्योंकि यह सामान्य संशोधन प्रक्रिया से अलग है। पीठ ने अपने निर्णय में कहा है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव का मतलब सिर्फ वोट डालने की प्रक्रिया ही नहीं है, बल्कि यह मूल रूप से मतदाता सूचियों की सत्यनिष्ठा, सटीकता और विश्वसनीयता पर निर्भर करता है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव हैं। इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि वह चार सप्ताह के भीतर संदिग्ध नागरिकता के आधार पर मतदाता सूचियों से हटाए गए लोगों के नाम गृह मंत्रालय (केंद्र सरकार) को भेजे।

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह फैसला उन याचिकाओं पर सुनाया है जिनमें पिछले साल जून में बिहार में एसआईआर कराने के लिए चुनाव आयोग की अधिसूचना और अधिकार को चुनौती दी गई थी। इस मामले में लंबी सुनवाई और सभी पक्षों की बहस के बाद पीठ ने इस वर्ष 29 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे बुधवार (27 मई) को सुनाया गया।



### एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से चुनाव आयोग पर कई सवाल खड़े हुए: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने एसआईआर की संवैधानिक वैधता को स्वीकार किया है, लेकिन फैसले में कई ऐसे बिंदु हैं जो चुनाव आयोग की प्रक्रिया और कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करते हैं। सिंघवी ने बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि नागरिकता तय करने का अंतिम अधिकार चुनाव आयोग के पास नहीं है। नागरिकता अधिनियम के तहत यह अधिकार सक्षम प्राधिकारी- जैसे गृह मंत्रालय के पास है। इसके बावजूद करोड़ों लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए और उनका मताधिकार प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि न्यायालय के फैसले के पैरा 97 से 101 तक पढ़ने से स्पष्ट होता है कि चुनाव आयोग की प्रक्रिया में गंभीर खामियां थीं।

### एसआईआर पर भाजपा ने कांग्रेस को आत्मनिरीक्षण की नसीहत दी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया को पूरी तरह वैध करार देने के फैसले का भारतीय जनता पार्टी ने स्वागत करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस को मेहनत करने के साथ-साथ आत्मनिरीक्षण की भी जरूरत है। यह संवैधानिक धरातल पर विपक्ष और कांग्रेस पार्टी की पराजय है। भाजपा मुख्यालय में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने आज एसआईआर प्रक्रिया को पूर्णतः संविधान सम्मत सिद्ध कर दिया है। राजनीतिक पराजय के बाद और देश में अराजकता-अव्यवस्था उत्पन्न करने की नैतिक पराजय के बाद, अब संवैधानिक धरातल पर भी यह विपक्ष और कांग्रेस पार्टी की पराजय है। लांछित करने के सभी कुप्रयास आज सर्वोच्च न्यायालय के धरातल पर निष्फल सिद्ध हुए।



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री जोसेफ विजय ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक के दौरान राज्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।

### तीन भाषा नीति पर अंतरिम रोक नहीं, कोर्ट ने केंद्र और सीबीएसई से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की नयी तीन भाषा नीति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और सीबीएसई को नोटिस जारी किया है। हालांकि, कोर्ट ने तीन भाषा शिक्षा नीति पर कोई भी अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने चार हफ्ते में केंद्र और सीबीएसई को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिका में कहा गया है कि सीबीएसई की नई तीन भाषा नीति में नौवीं कक्षा से दो और भाषाओं को पढ़ना अनिवार्य बनाया गया है। इन तीन भाषाओं में दो भारतीय भाषाओं का अध्ययन करना जरुरी है। याचिका में कहा गया है कि अचानक कक्षा नौ के छात्रों को दो अतिरिक्त भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य करना उनकी दसवीं बोर्ड की तैयारी प्रभावित कर सकता है।

## हरियाणा गिग वर्कर्स के पंजीकरण को चलेगा विशेष अभियान




**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए नई योजनाएं तैयार कर रही हैं। इसके लिए प्रदेश में कार्यरत सभी गिग वर्कर्स का विशेष अभियान चलाकर रजिस्ट्रेशन किया जाए और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह निर्देश बुधवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा विजन 2047 के अंतर्गत श्रम विभाग के अगले 5 वर्ष के रोडमैप व कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए दिए। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के कामगारों के कल्याण तथा वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के संबंध में भी अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने चालू वित्त वर्ष के बजट में गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा व अन्य लाभ देने की घोषणा की थी। इसी प्रकार केंद्र सरकार भी गिग वर्कर्स के कल्याण की योजना बना रही है। पात्र व्यक्तियों तक समुचित लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक है कि सभी गिग वर्कर्स का रजिस्ट्रेशन किया जाए।

### मणिपुर हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगी स्टेटस रिपोर्ट, सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर हिंसा से जुड़े मामलों की सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने स्पेशल जांच दल (एसआईटी) से इस मामले पर ताजा स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। कोर्ट ने स्पेशल जांच दल (एसआईटी) की पिछली स्टेटस रिपोर्ट पर गौर करते हुए पाया कि 400 से अधिक आरोपितों के खिलाफ 207 मामलों में चार्जशीट दाखिल की जा चुकी हैं। इसके पहले सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने सुझाव दिया था कि अब मणिपुर या गुवाहाटी उच्च न्यायालय इन मामलों की निगरानी करे। कोर्ट ने कहा था कि अब मणिपुर उच्च न्यायालय में नये मुख्य न्यायाधीश आ गए हैं, इसलिए वे स्थनीय हालात को बेहतर तरीके से संभाल सकते हैं।

## हर सिविल कार्य की होगी जांच, बनेगी उच्च स्तरीय लैब : सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में सभी सिविल एवं विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उच्च स्तरीय लैब विकसित करने के निर्देश दिए हैं। क्वालिटी एसोरेंस अथॉरिटी समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए हर सप्ताह निरीक्षण रिपोर्ट हरियाणा इंजीनियरिंग पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग, एनएबीएल मान्यता प्राप्त लैब, क्यूआर कोड आधारित निगरानी और सिस्टम सुधार पर भी विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इंजीनियरिंग विभागों के अधिकारियों के साथ क्वालिटी एसोरेंस अथॉरिटी समीक्षा में निर्देश दिए कि विभागों का सिस्टम इम्प्रुव होगा तभी इसके सार्थक परिणाम आएगें। इसलिए विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें।




**दिशा-निर्देश**

क्वालिटी एसोरेंस अथॉरिटी समीक्षा में निर्देश दिए कि विभागों का सिस्टम इम्प्रुव होगा तभी परिणाम आएगें

### सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी को सही ठहराया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली बेंच ने ऑनलाइन गेमिंग गतिविधियों पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने के केंद्र सरकार के फैसले को पूरी तरह सही ठहराया है। कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग वाली कंपनियों को जीएसटी अधिकारियों की ओर से भेजे गए कारण बताओ नोटिस को कानून के मुताबिक आगे बढ़ाने का आदेश दिया है। जीएसटी खुफिया महानिदेशालय ने देश की लगभग 71 ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को करीब 1.12 लाख करोड़ के टैक्स नोटिस भेजे थे। इस नोटिस से प्रभावित गेमिंग कंपनियों ने फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। अगस्त, 2023 में केंद्रीय जीएसटी कानून में संशोधन कर ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को भी सट्टेबाजी और जुए की श्रेणी में रखा।

*मुख्यमंत्री ने टिकेंद्र पंवर की पुस्तक का विमोचन किया*

## उत्तराखंड और पूर्वोत्तर राज्यों में बादल फटने की घटनाएं बढ़ने की संभावना: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंकज शर्मा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार सायं शिमला के गेयटी थियेटर में नगर निगम शिमला के पूर्व उप-महापौर टिकेंद्र पंवर द्वारा संपादित पुस्तक 'सिटी लिमिट्स-द क्राइसिज ऑफ अर्बनाइजेशन' का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति ने हिमाचल प्रदेश को स्वच्छ आबोहवा और पानी का उपहार दिया है और इन संसाधनों का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य की राजधानी और सबसे बड़े शहर के रूप में शिमला ने पिछले कुछ वर्षों में अनेक बदलाव देखें है। उन्होंने कहा कि वह बचपन से लेकर अब तक शिमला शहर में हो रहे बदलावों को देख रहे हैं। जहां पहले जंगल हुआ करते थे, वहां अब इमारतें बन गई हैं। हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यहां सुनियोजित निर्माण आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिमला शहर को तारों के जाल से निजात दिलवाने के लिए 145 करोड़ रुपये की लागत से भूमिगत डक्ट परियोजना क्रियान्वित की जा रही है। वर्तमान में सब्जी मंडी क्षेत्र में 600 करोड़ रुपये की लागत से एक आधुनिक परिसर विकसित किया जा रहा है। लिफ्ट के पास भी एक अंडरपास प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि शिमला शहर में 24 घंटे पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 800 करोड़ रुपये की जलापूर्ति योजना क्रियान्वित की जा रही है।

इसके अलावा, सर्कुलर रोड को चौड़ा करने के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य जारी है और शहर की सुंदरता बनाए रखने के लिए अधिसूचित हरित क्षेत्रों को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रदेश सरकार के सतत विकास को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संतुलन को केंद्र में रख कर शिमला शहर के सौंदर्यीकरण के लिए कई परियोजनाएं चलाई जा रही हैं।



**संसाधन**

शिमला शहर के सौंदर्यीकरण के लिए कई परियोजनाएं चलाई जा रही हैं : सीएम सुक्खू

## पूर्व मुख्यमंत्री विजयन के आवास पर तलाशी के दौरान ईडी अधिकारियों के काफिले पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**तिरुवनंतपुरम।** कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल)-एक्सालॉजिक वित्तीय लेनदेन और धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के बाद बुधवार को केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में जबरदस्त राजनीतिक तनाव और हिंसक प्रदर्शन देखने को मिला। पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष पिनाराई विजयन के आवास पर कई घंटों तक चली तलाशी के बाद जब ईडी अधिकारियों की टीम परिसर से बाहर निकली, तब वहां मौजूद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी (सीपीआई-एम) कार्यकताओं की भीड़ उग्र हो गई और अधिकारियों के काफिले पर हमला कर दिया। केरल पुलिस ने लगभग 100 पार्टी कार्यकताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तलाशी अभियान खत्म होने के बाद जैसे ही ईडी अधिकारी सरकारी वाहनों की ओर बढ़े, प्रदर्शनकारी केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। तनावपूर्ण माहौल के बीच भीड़ ने आक्रामक रूप धारण कर लिया। प्रदर्शनकारियों ने ईडी अधिकारियों को ले जा रही गाड़ियों पर पत्थर और लाठियों से हमला बोल दिया। इससे गाड़ियों को नुकसान पहुंचा। घटनास्थल पर मौजूद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और केरल पुलिस के जवानों को हालात संभालने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा।





उत्तर भारत
नई दिल्ली, 28 मई 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com



# जेवर एयरपोर्ट कनेक्टिविटी के लिए इलेक्ट्रिक बसें होंगी उपलब्धः मुख्यमंत्री योगी

- 15 जून से पहले सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ करने के निर्देश, एक्सप्रेसवे परियोजनाओं में तेजी लाकर निवेश और रोजगार को मिलेगी नई गति, जून में पूरा कर लें आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे, जेवर लिंक एक्सप्रेसवे और झांसी लिंक एक्सप्रेसवे के लिए आवश्यक भूमि का अधिग्रहणः मुख्यमंत्री, फर्रुखाबाद लिंक समेत प्रमुख एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के भूमि अधिग्रहण में तेजी

**हरी झंडी**

- 400 अत्याधुनिक आपातकालीन वाहन एवं 32 मोबाइल फॉरेंसिक वैन को दिखाई हरी झंडी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के संचालन के साथ यात्रियों को आधुनिक सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी तेज हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक आवागमन के लिए प्राथमिक चरण में 110 इलेक्ट्रिक बसों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की चौथी बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा क्षेत्र में 500 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 15 जून से प्रस्तावित उड़ान संचालन से पहले सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को पूरी तरह सुदृढ़ किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के तेजी से विस्तार पर भी जोर दिया। अधिकारियों ने अवगत कराया कि प्रदेश में वर्तमान में लगभग 15.5 लाख इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हैं तथा वर्ष 2030 तक 10 हजार चार्जिंग स्टेशन विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभी तक लगभग 2500 चार्जिंग स्टेशन संचालित हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित एक्सप्रेसवे परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन को नई गति देगी। उन्होंने भूमि अधिग्रहण और विनिमय संबंधी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि फरुर्खाबाद लिंक एक्सप्रेसवे के लिए लगभग 55 प्रतिशत भूमि प्राप्त की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे, जेवर लिंक एक्सप्रेसवे और झांसी लिंक एक्सप्रेसवे के लिए आवश्यक भूमि का अधिग्रहण जून माह के अंत तक पूरा कर लिया जाए। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि मेरठ-हरिद्वार एक्सप्रेसवे का एलाइनमेंट स्वीकृत हो चुका है तथा भूमि अधिग्रहण की कार्ययोजना तैयार की जा रही है।





## निवेश संबंधी परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगाः सीएम योगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश संबंधी परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और निवेशकों के साथ सतत संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब के लिए 323 हेक्टेयर में से 301 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा प्राप्त हो चुका है। डेवलपर चयन के लिए निविदा की अंतिम तिथि बढ़ाकर 6 जुलाई 2026 कर दी गई है। वहीं मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब के लिए 200 हेक्टेयर में से 144 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध हो चुकी है तथा शेष भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के लिए मॉडल बिल्डिंग बायलॉज को निवेश अनुकूल व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि भवन स्वीकृति संबंधी प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, पारदर्शी तथा समयबद्ध बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध कराया जाए। बैठक में बताया गया कि राज्य स्तर पर 136 रिक्त पदों में से 40 पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तथा शेष 96 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। जिला एवं विकासखंड स्तर पर 360 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया संचालित है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में प्रस्तावित सीड पार्क और टेक्सटाइल पार्क परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं को प्रदेश के कृषि और औद्योगिक विकास से जोड़ते हुए तेजी से आगे बढ़ाया जाए। बैठक में बताया गया कि सीड पार्क परियोजना के संबंध में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और प्रमुख बीज कंपनियों के साथ विचार-विमर्श किया गया है।

## उत्तर प्रदेश को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य- सीएम योगी



मुख्यमंत्री ने डिफेंस कॉरिडोर परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए निवेशकों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। बैठक में बताया गया कि आइकॉन्स हिंदुस्तान एयरोस्पेस एंड डिफेंस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अलीगढ़ डिफेंस नोड में 125 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया गया है। तकनीकी मूल्यांकन समिति तथा भूमि आवंटन समिति द्वारा कंपनी के पक्ष में संस्तुति की जा चुकी है और आगे की प्रक्रिया प्रचलित है।

मुख्यमंत्री ने जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निकट प्रस्तावित एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट हब तथा उन्नाव में एक्वा ब्रिज परियोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि कृषि और मत्स्य आधारित उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने के लिए आधुनिक प्रोसेसिंग और निर्यात सुविधाएं विकसित की जाएं। बैठक में बताया गया कि एग्री एक्सपोर्ट हब के लिए 50 एकड़ भूमि की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में 29 एकड़ भूमि चिन्हित की जा चुकी है। वहीं उन्नाव में एक्वा ब्रिज परियोजना के लिए 60 एकड़ भूमि चिन्हित कर ली गई है, जहां फिश प्रोसेसिंग, फीड प्लांट, पैकेजिंग और निर्यात संबंधी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।

# बकरीद को लेकर वक्फ बोर्ड की अपील, सड़क पर नमाज न पढ़ें, कुबार्नी के वीडियो सोशल मीडिया पर न डालें

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) के मद्देनजर मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड ने बुधवार को प्रदेशभर के मुस्लिम समाज के लिए विशेष गाइडलाइन जारी की है। बोर्ड ने अपील की है कि ईद की नमाज सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर अदा न की जाए और कुबार्नी से जुड़े फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करने से बचा जाए। वक्फ बोर्ड ने मस्जिदों, ईदगाहों, दरगाहों और वक्फ समितियों को निर्देश देते हुए कहा है कि त्योहार शांति, सौहार्द और प्रशासनिक नियमों के पालन के साथ मनाया जाए।

**अपील**

- बोर्ड के मुताबिक, इस तरह की सामग्री से समाज में अनावश्यक विवाद और तनाव की स्थिति पैदा हो सकती है

**मस्जिदों और ईदगाहों में ही अदा करें नमाज**

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि ईद की नमाज केवल निर्धारित धार्मिक स्थलों मस्जिदों और ईदगाहों में ही पढ़ी जाए। सड़क या सार्वजनिक रास्तों पर नमाज अदा करने से यातायात और आमजन को परेशानी हो सकती है। इसके साथ ही संवेदनशील इलाकों में भीड़ की संभावना होने पर स्थानीय प्रशासन को पहले से सूचना देने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि सुरक्षा और व्यवस्थाएं सुचारु रखी जा सकें। वक्फ बोर्ड ने कुर्बानी को लेकर भी अहम अपील की है। बोर्ड ने कहा है कि कुबार्नी केवल तय स्थानों पर ही की जाए और उसके फोटो या वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल न किए जाएं। बोर्ड के मुताबिक, इस तरह की सामग्री से समाज में अनावश्यक विवाद और तनाव की स्थिति पैदा हो सकती है।

# पीएम सूर्य घर योजना में 39 हजार उपभोक्ताओं के खातों में पहुंची सब्सिडी

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्रान्तर्गत आने 16 जिलों में पीएम सूर्यघर योजना के तहत अब तक कुल 39 हजार 975 उपभोक्ता पंजीकृत हुए हैं। इनके खातों में 311 करोड़ 64 लाख से अधिक की राशि सब्सिडी के रूप में जमा कराई जा चुकी है।

जनसम्पर्क अधिकारी राजेश पाण्डेय ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना में एक किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 30 हजार रुपये, दो किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 60 हजार रुपये तथा तीन किलोवॉट या उससे अधिक के सोलर संयन्त्र स्थापना पर 78 हजार रुपये की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही है। कहा है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन उपरांत विद्युत वितरण कंपनी में रजिस्टर्ड अधिकृत वेंडर से ही सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाएं।

**राहत**

- योजना में तीन किलोवॉट के सौर संयन्त्र लगाने पर मिल रही 78 हजार की सब्सिडी

**कहां करें आवेदन**

पीएम सूर्यघर योजना का शुभारंभ 13 फरवरी 2024 को हुआ था। योजना में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। जिसके लिए पीएम सूर्य घर योजना की वेबसाइट पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा अधिक जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट अथवा उपाय ऐप, वॉट्स ऐप चेटबॉट व टोल फ्री नं, 1912 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# योगी सरकार का डिजिटल विजन तेज रफ्तार पर, प्रोजेक्ट गंगा जल्द होगा 'लाइव'

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से डिजिटल आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट गंगाह्व अब जल्द लाइव होने जा रहा है। सरकार की ओर से परियोजना से जुड़े लगभग सभी प्रमुख माइलस्टोन पूरे कर लिए गए हैं और अब इसे जमीनी स्तर पर लागू करने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। प्रोजेक्ट गंगा का उद्देश्य गांवों और छोटे शहरों तक आधुनिक डिजिटल सेवाओं को पहुंचाना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र भी हाई स्पीड इंटरनेट और नई तकनीकों से सीधे जुड़ सकें। परियोजना के तहत ग्रामीण इलाकों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, फ्री पब्लिक वाई-फाई, साइबर सिक्योरिटी, आईपीटीवी और डिजिटल सेवाओं का बड़ा नेटवर्क तैयार किया जाएगा।




प्रोजेक्ट गंगा की शुरूआत जुलाई 2025 में प्रारंभिक सीडिंग के साथ हुई थी। इसके बाद दिसंबर 2025 में विभिन्न सरकारी विभागों और स्टेकहोल्डर्स के साथ रणनीतिक चचाएं शुरू हुईं। जनवरी 2026 में कॉन्सेप्ट नोट साझा किया गया, जबकि 9 मार्च 2026 को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की उपस्थिति में एमओयू साइन किया गया। इसके बाद मीडिया कवरेज, फाइनल डीपीआर और एमएसएमई विभाग के माध्यम से जिलाधिकारियों को पत्र जारी करने जैसी प्रक्रियाएं पूरी की गईं।

# बिजली कंपनी की उपभोक्ताओं से अपील, कहा- विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव के प्रति सतर्कता बरतें

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में विद्युत वितरण कंपनियों ने कतिपय प्राकृतिक और मानवीय कारणों से होने वाली विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आमजनों और उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विद्युत लाइनों, वितरण ट्रांसफार्मरों तथा अन्य विद्युतीय उपकरणों से किसी भी प्रकार की छेड़छाड न करें तथा सजगता और सतर्कता बरतते हुए अपने दैनिक कार्यों का निर्वहन करें। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि आमजन अमूल्य जीवन और विद्युत सुरक्षा की ओर विशेष ध्यान देते हुए पूर्व से विद्यमान विद्युतीय उपकरणों, लाइनों तथा वितरण ट्रांसफार्मरों के समीप भवन निर्माण, कालोनी के निर्माण और रोड के विस्तार के दौरान विद्युत सुरक्षा के मापदण्डों के अनुसार उचित दूरी का ध्यान रखें। विद्युत उपकरणों के साथ छेड़खानी करना या उन्हें नुकसान पहुंचाना अथवा चुराकर ले जाना कानूनी अपराध है और इसके लिए जुमार्ने और सजा का प्रावधान है। आम लोगों से अपील की गयी है कि वे इस प्रकार की घटना होने पर तत्काल इसकी सूचना नजदीकी विद्युत वितरण केन्द्र पर दें।

# मप्र अब तक कुल 13.36 लाख किसानों से 103 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित कर देश में सबसे आगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक 13 लाख 36 हजार किसानों से गेहूं का उपार्जन कर देश में अव्वल है। अब तक 103 लाख 48 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन हो चुका है। इसमें से 8 लाख 9 हजार 990 सीमांत एवं लघु कृषकों से 32 लाख 14 हजार मीट्रिक टन गेहूँ खरीदी की गई है। प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बुधवार को बताया कि कोविड-19 की अवधि को छोड़कर विगत 10 वर्षों में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं का सर्वाधिक उपार्जन किया गया है। गेहूं का उपार्जन अभी भी जारी है।



**मुख्यमंत्री कर रहे सतत मॉनिटरिंग**

खाद्य मंत्री राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से 78 लाख मीट्रिक टन गेहूँ के उपार्जन लक्ष्य को केन्द्र सरकार द्वारा 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है, लेकिन मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में 100 लाख मीट्रिक टन निर्धारित लक्ष्य से अधिक गेहूँ का उपार्जन हो चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश में हो रहे गेहूँ उपार्जन की सतत मॉनीटरिंग की जा रही है। उन्होंने स्वयं खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर तौल व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता और खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिये उपलब्ध जरूरी सुविधाओं का आकस्मिक निरीक्षण भी किया।

साथ ही किसानों से संवाद कर

# छत्तीसगढ़ में लागू होगी इम्प्रूव्ड राईस स्कीम




**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ में भारत सरकार की नवीन इम्प्रूव्ड राईस स्कीम को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में आज न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइंस रायपुर में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने की। इसमें छत्तीसगढ़ राईस मिल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, भारतीय खाद्य निगम, मार्कफेड तथा प्रदेशभर के राईस मिलर्स ने भाग लिया।

कार्यशाला में खाद्य सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि भारत सरकार आगामी खरीफ वर्ष में ह्यइम्प्रूव्ड राईस स्कीमह्न को प्राथमिकता के साथ लागू करने की दिशा में कार्य कर रही है। इसके लिए राज्य के राईस मिलों को निर्धारित मानकों के अनुरूप तकनीकी रूप से अपग्रेड करना आवश्यक होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि मिलर्स द्वारा दिए गए सुझावों और समस्याओं का परीक्षण कर आवश्यक प्रस्ताव भारत सरकार को भेजे जाएंगे। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री कान्ति लाल बोथरा, महामंत्री श्री विष्णु बिंदल, कोषाध्यक्ष श्री रमेश अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं मिलर्स उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने कार्यशाला आयोजन के लिए खाद्य विभाग का आभार व्यक्त करते हुए योजना के सफल क्रियान्वयन में सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यशाला में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 से लागू की जाने वाली ह्यइम्प्रूव्ड राईस स्कीमह्न के विभिन्न प्रावधानों, गुणवत्ता मानकों, भंडारण व्यवस्था, अनुबंध प्रक्रिया, लागत एवं क्रियान्वयन संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

अधिकारियों ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से 10 प्रतिशत अरवा ब्रोकन चावल एवं 5 प्रतिशत उसना ब्रोकन चावल के निर्धारित मानकों की जानकारी दी। बैठक के दौरान राईस मिल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने व्यवहारिक समस्याओं और सुझावों को प्रमुखता से रखा। मिलर्स ने प्रदेश में उन्नत धान भारतीय खाद्य निगम में रैक मूवमेंट को तेज करने तथा मिलिंग लागत में वृद्धि जैसे मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया। साथ ही उन्होंने स्कीम के सफल क्रियान्वयन के लिए तकनीकी और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की आवश्यकता बताई।

### बैगा अंचल कोटा पहुंचे प्रमुख सचिव सोनमणि बोराः जंगलों के बीच बसे गांवों में परखी योजनाओं की जमीनी सच्चाई

# पीवीटीजी परिवारों तक हर योजना पहुंचाने अधिकारियों को सख्त निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों के बीच बसे बैगा अंचल में बुधवार को उस समय प्रशासनिक सक्रियता और संवेदनशीलता का अलग ही दृश्य देखने को मिला, जब आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा स्वयं कोटा विकासखंड के दूरस्थ बैगा गांवों तक पहुंचे। उन्होंने न केवल सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी, बल्कि बैगा परिवारों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं और योजनाओं के वास्तविक लाभ की जानकारी भी ली। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने बैगा बहुल ग्राम शिवतराई और नेवसा का दौरा कर पीएम जनमन योजना, धरती आबा अभियान, जनजातीय गौरव उत्सव, पीवीटीजी डिजिटल सर्वे और सुशासन तिहार की प्रगति की समीक्षा की। अचानकमार क्षेत्र के दुर्गम बैगापारा तक पहुंचकर उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान कई ग्रामीणों ने पहली बार किसी वरिष्ठ अधिकारी को अपने घर-आंगन तक पहुंचते देखा। शिवतराई में प्रमुख सचिव ने स्वयं सर्वे सेतुह्व ऐप के माध्यम से तिहारू बैगा के परिवार का डिजिटल सर्वे किया। परिवार की आजीविका, आवास, स्वास्थ्य सुविधाओं और सरकारी योजनाओं की पहुंच को लेकर उन्होंने विस्तार से जानकारी ली। बातचीत के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पीवीटीजी समुदाय का कोई भी पात्र परिवार सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। दौरे का सबसे अहम दृश्य नेवसा गांव में देखने को मिला, जहां पीएम जनमन योजना के तहत बनी सड़क की गुणवत्ता जांचने के लिए प्रमुख सचिव ने तकनीकी टीम के साथ सड़क की ड्रिलिंग करवाई। सड़क की मोटाई और निर्माण सामग्री के नमूने लिए गए। शिवतराई-अचानकमार मुख्य मार्ग से करीब साढ़े तीन किलोमीटर दूर बने इस संपर्क मार्ग ने बैगा परिवारों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में जहां पहले घंटों पैदल चलना पड़ता था, वहीं अब गांव तक पहुंच आसान हो गई है। दौरे के दौरान गांव में पहुंची मोबाइल मेडिकल यूनिट का भी प्रमुख सचिव ने निरीक्षण किया। उन्होंने बैगा समुदाय के लोगों से पूछा कि स्वास्थ्य वाहन से उन्हें कितना लाभ मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अब प्राथमिक उपचार और जांच गांव में ही उपलब्ध हो रही है। इस पर प्रमुख सचिव ने मेडिकल यूनिट को नियमित रूप से गांवों में पहुंचने के निर्देश दिए।



प्रमुख सचिव ने नेवसा स्थित आदिवासी बालक आश्रम का निरीक्षण का भी निरीक्षण किया। आश्रम परिसर, शौचालय और साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब मिलने पर प्रमुख सचिव ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर ही हॉस्टल वार्डन के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नया शिक्षा सत्र शुरू होने वाला है और विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पेयजल, बिजली, साफ-सफाई और मरम्मत कार्यों को समय रहते पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।

# बजट घोषणाओं संबंधी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें: रेखा

विकास और राष्ट्रवाद के आगे तुष्टिकरण की राजनीति ढेर हो गई: सीएम रेखा

**समीक्षा**

राजधानी के सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई और गाद निकालने का कार्य हर हाल में पूरा कर लिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और विभागाध्यक्षों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिल्ली सरकार के बजट में की गई घोषणाओं, विकास कार्यों और जनहित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने इन योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के सख्त निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री सेवा सदन में आयोजित इस समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बजट में घोषित योजनाओं को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने के लिए तत्काल प्रभाव से कार्य तेज किए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता केवल घोषणाएं करना नहीं बल्कि हर योजना को अंतिम परिणाम तक पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जिन विभागों द्वारा बजट राशि का योजनाओं पर उचित उपयोग नहीं किया जाएगा। आगामी बजट में उनकी धनराशि में कटौती की जा सकती है। बैठक में मॉनसून की तैयारियों को लेकर भी विशेष चर्चा हुई।
मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि बारिश शुरू होने से पहले राजधानी के सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई और गाद निकालने का कार्य हर हाल में पूरा कर लिया जाए।

## जलभराव की समस्या को रोकना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल

जलभराव की समस्या को रोकना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के मुद्दे पर कहा कि जिन स्थानों पर धूल उड़ने की समस्या है या खाली जमीन पड़ी हुई है, वहां बड़े स्तर पर पौधारोपण अथवा घास लगाने का अभियान चलाया जाए। उन्होंने विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर राजधानी को स्वच्छ और हरित बनाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने शिक्षा से जुड़े बुनियादी ढांचे की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सरकारी स्कूलों में समय रहते व्हाइट वॉश, शौचालयों की मरम्मत और बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही कहा कि छात्रों को बेहतर और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है।
बैठक में वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों से मेट्रो मंडे और वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था का गंभीरता से पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे ईंधन की बचत, ट्रैफिक दबाव में कमी और प्रदूषण नियंत्रण में सहायता मिलेगी। साथ ही सोलर पावर और जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को भी तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली को ऊर्जा संरक्षण और जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक मॉडल शहर बनाने के लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें।

# विष्णु गार्डन में घर में लगी आग, ई-स्कूटी बनी हादसे की वजह

**झुलसी**

एक घर में आग लगने से 13 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। जबकि 65 वर्षीय महिला गंभीर रूप से झुलस गई



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पश्चिमी दिल्ली के ख्याला इलाके के विष्णु गार्डन में मंगलवार देर रात एक घर में आग लगने से 13 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। जबकि 65 वर्षीय महिला गंभीर रूप से झुलस गईं। शुरूआती जानकारी के मुताबिक आग घर के ग्राउंड फ्लोर पर खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी और घरेलू सामान में लगी थी। दिल्ली दमकल विभाग के अनुसार दमकल कंट्रोल रूम को रात करीब 2:43 बजे विष्णु गार्डन की गली नंबर-9 स्थित एक मकान में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियों को भेजा गया। कुछ ही मिनटों बाद आग की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त दमकल वाहन भी मौके पर रवाना किए गए। दमकल अधिकारियों के अनुसार आग पर रात करीब 3:10 बजे काबू पा लिया गया। जबकि ऑपरेशन पूरी तरह रात 4:10 बजे खत्म हुआ। दमकल विभाग की शुरूआती जांच में सामने आया कि आग ग्राउंड फ्लोर पर खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी और घर में रखे घरेलू सामान में लगी थी। हादसे में दो लोग झुलस गए थे, जिन्हें स्थानीय लोग और पीसीआर टीम दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ही गुरु गोविंद अस्पताल, रघुबीर नगर लेकर पहुंच गए थे। अस्पताल में डॉक्टर ने 13 वर्षीय जसप्रीत को मृत घोषित कर दिया। वहीं 65 वर्षीय स्वामजीत कौर करीब 35 प्रतिशत तक झुलस गईं। उनका इलाज जारी है। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। शुरूआती तौर पर इलेक्ट्रिक स्कूटी से आग फैलने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और संबंधित एजेंसियां मामले की जांच में जुटी हैं।

## पराली से निकलने वाला धुआं उत्तर भारत के लोगों में बढ़ा रहा उच्च रक्तचाप का खतरा: एम्स

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में रहने वाले लोगों के लिए पराली का धुआं न सिर्फ फेफड़े बल्कि रक्त चाप (बीपी) को भी बढ़ा सकता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के शोधकताओं के एक नए अध्ययन से पता चला कि फसल अवशेष(पराली) जलाने से निकलने वाला धुआं उत्तर भारत में रहने वाले लोगों में उच्च रक्तचाप का खतरा काफी बढ़ा सकता है। पत्रकार वार्ता में एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. अंबुज रॉय ने बताया कि पराली के धुएं से प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में अपेक्षाकृत स्वच्छ क्षेत्रों में रहने वालों की तुलना में उच्च रक्तचाप विकसित होने की संभावना लगभग 15 प्रतिशत अधिक पाई गई है।

# संधू ने दिल्ली के सांसदों के साथ राजधानी के विकास को लेकर की चर्चा

**प्रतिबद्ध**

विश्व स्तरीय विकसित दिल्ली के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को दिल्ली के सांसदों और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) अधिकारियों के साथ राजधानी के समावेशी विकास को लेकर बैठक की। बैठक में चर्चा का मुख्य केंद्र आवास, भूमि और नागरिक अवसंरचना परियोजनाओं के क्रियान्वयन में डीडीए की भूमिका को मजबूत करना था। बैठक में सांसद हर्ष मल्होत्रा, मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत, बांसुरी स्वराज और प्रवीण खंडेलवाल मौजूद रहे। उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बैठक में सार्वजनिक सुविधाओं में तेजी लाने, स्थानीय अवसंरचना आवश्यकताओं को पूरा करने और दिल्ली भर में जमीनी स्तर पर वितरण तंत्र को बेहतर बनाने के लिए व्यावहारिक उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि सहयोग की यह साझा भावना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत पहल और राजधानी में निर्बाध प्रगति सुनिश्चित करने के हमारे सामूहिक संकल्प को दर्शाती है। उपराज्यपाल ने कहा कि हम सब मिलकर मजबूत अवसंरचना के निर्माण और विश्व स्तरीय विकसित दिल्ली के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।


# हुंडई मोटर इंडिया वाहनों के दाम 12,800 रुपये तक बढ़ाएगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मारुति के बाद अब हुंडई मोटर इंडिया ने अपने वाहनों के दाम में इजाफा करने का ऐलान किया है। वाहन निर्माता हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने अपने कार की कीमतों में मॉडल और संस्करण के आधार पर 12,800 रुपये तक बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि बढ़ती उत्पादन लागत, महंगे कच्चे माल और संचालन खर्च में इजाफे के कारण यह फैसला लिया गया है। हुंडई मोटर ने कहा कि 8 अप्रैल को शेयर बाजार को दी सूचना में कच्चे माल की लागत बढ़ने के कारण अपने सभी वाहनों की कीमतों में एक प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी। कंपनी के अनुसार नई कीमतें 1 जून से लागू होंगी। कंपनी ने अपने बयान में कहा, मूल्य वृद्धि अधिकतम 12,800 रुपये तक होगी। यह कीमत मॉडल और संस्करण के आधार पर अलग-अलग होगी। हुंडई ने कहा कि कच्चे माल की बढ़ती लागत और उच्च परिचालन खर्चों सहित अन्य कारणों से मूल्य वृद्धि आवश्यक हो गई है। हुंडई ने ने कहा, हालांकि, कंपनी लागत को अनुकूलतम स्तर पर लाने और अपने ग्राहकों पर प्रभाव को कम करने के लिए प्रयासरत है लेकिन कंपनी इस मामूली मूल्य वृद्धि के माध्यम से बढ़ी हुई लागत का कुछ हिस्सा बाजार में हस्तांतरित करने के लिए मजबूर है।

# खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने ईस्ट गारो हिल्स में खेल सुविधाओं का निरीक्षण किया

**दौरा**

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने बुधवार को मेघालय के ईस्ट गारो हिल्स जिले के विलियमनगर का दौरा किया




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/विलियमनगर**
केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने बुधवार को मेघालय के ईस्ट गारो हिल्स जिले के विलियमनगर का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने जिले में खेल सुविधाओं का निरीक्षण किया और जमीनी स्तर पर खेल ढांचे को मजबूत करने के प्रयासों की समीक्षा की। उन्होंने विलियमनगर स्थित आरजीएचएसएस खेल मैदान में बने आर्टिफिशियल फुटबॉल टर्फ का दौरा किया और क्षेत्र में युवा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। यह दौरा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (एमडीओएनईआर) की ह्यपूर्वोत्तर संपर्क सेतुह्न पहल के तहत आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय को मजबूत करना, विकास योजनाओं की जमीनी समीक्षा करना तथा उत्तर-पूर्व क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देना है। दौरे के दौरान खेल राज्य मंत्री ने तांबो आह्णडिंग में निर्माणाधीन ह्यखेलो इंडिया मल्टीपर्पज इंडोर हॉल की प्रगति का भी जायजा लिया।
उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उत्तर-पूर्व में आधुनिक खेल अधोसंरचना विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# दिल्ली के कई मेट्रो स्टेशनों के नाम बदले



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली की पहचान और जनभावनाओं का सम्मान करते हुए मेट्रो स्टेशनों, अस्पतालों आदि के नाम में परिवर्तन किया है। रोहिणी वेस्ट मेट्रो स्टेशन अब डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल कहलाएगा। इसके अलावा बेगमपुर (रोहिणी) में निमार्णाधीन खेल परिसर का नाम पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नाम अटल खेल परिसर रखा जाएगा। वहां पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि परिवर्तित नाम दिल्ली की विविध सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक चेतना और राष्ट्रीय विरासत को प्रतिबिंबित करते हैं। यह जानकारी बुधवार को एक विज्ञप्ति के जरिए दी गई। राज्य नामकरण प्राधिकरण (एसएनए) की चेयरपर्सन व मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हाल ही में दिल्ली सचिवालय में बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें इन प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। बैठक में दिल्ली के मुख्य सचिव, शहरी विकास विभाग के सचिव, दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के निदेशक सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बेगमपुर (रोहिणी के सेक्टर-33) स्थित नव-निर्मित खेल परिसर के नामकरण का प्रस्ताव भी रखा गया। अथॉरिटी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस परिसर का नाम अटल खेल परिसर रखा जाएगा। इसके अलावा, परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे जिन्होंने विकास, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता को नई दिशा दी। खेल परिसर को उनके नाम से जोड़ना युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने का कार्य करेगा।


**जनभावना**

वाजपेयी राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे जिन्होंने विकास, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता को नई दिशा दी

# मंत्रिमंडल की बैठक में प्रचंड गर्मी और लू की स्थिति पर चर्चा

**मंथन**

प्रधानमंत्री के आह्वान पर हर मंत्रालय अब गर्मी एवं लू से जुड़े अपने क्षेत्रों के आवश्यक उपाय करेंगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को प्रचंड गर्मी और लू की स्थिति पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने आज राष्ट्र के नाम आह्वान भी किया है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर हर मंत्रालय अब गर्मी एवं लू से जुड़े अपने क्षेत्रों के आवश्यक उपाय करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल में मौजूदा लू की स्थिति पर सभी मंत्रियों के साथ चर्चा की गई। इस विषय पर एक्स पर आज प्रधानमंत्री ने राष्ट्र से आह्वान भी किया है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर प्रत्येक मंत्रालय और विभाग ने आज अपने-अपने क्षेत्रों में किए जा सकने वाले विशिष्ट कार्यों पर चर्चा की। वैष्णव ने कहा, प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस प्रकार की बड़ी चुनौतियों का सामना करते समय, हमें 'पूरे राष्ट्र' की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि बैठक में लू के बीच नागरिकों को राहत प्रदान करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से स्वास्थ्य मंत्रालय, जल संसाधन क्षेत्र और अन्य संबंधित क्षेत्रों में लागू की जा सकने वाली सुविधाओं और उपायों पर ध्यान केंद्रित किया गया।
उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विभिन्न हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी और लू की स्थिति के बीच नागरिकों से सतर्क रहने और सभी आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है।

# कोयला मंत्रालय गुरुवार को दिल्ली में रोड शो का करेगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय 37,500 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय से शुरू की गई सतही कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने की योजना पर गुरुवार (28 मई) को दिल्ली में एक रोड शो आयोजित करेगा। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में बताया कि इस कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे उपस्थित रहेंगे। कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त, अपर सचिव सनोज कुमार झा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। मंत्रालय के मुताबिक यह योजना वर्ष 2030 तक 10 करोड़ टन कोयले के गैसीकरण के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती मिलने और एलएनजी, यूरिया, अमोनिया और मेथनॉल जैसी प्रमुख वस्तुओं के आयात पर निर्भरता कम होने की उम्मीद है। ये पहल भारत के विशाल कोयला और लिग्नाइट संसाधनों के कुशल उपयोग के लिए स्वच्छ और मूल्यवर्धित तरीके के रूप में कोयला गैसीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों को मजबूती देने के लिए सौंपी अपनी रिपोर्ट

**रिपोर्ट**

राष्ट्रीय महिला आयोग ने मुस्लिम महिलाओं के अधिकार विषय पर सिफारिश रिपोर्ट केंद्र को सौंप दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने बुधवार को मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से मुस्लिम महिलाओं के अधिकार विषय पर अपनी सिफारिश रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी है। यह रिपोर्ट गृह मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को भेजी गई है। आयोग ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मुस्लिम महिलाओं के कानूनी, सामाजिक और संवैधानिक अधिकारों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।
राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख सिफारिशों में मुस्लिम पर्सनल लॉ का व्यापक संहिताकरण, विवाह का अनिवार्य पंजीकरण, बाल विवाह पर रोक, महिलाओं के लिए आर्थिक सुरक्षा, संपत्ति और विरासत में अधिकार मजबूत करना शामिल है। आयोग ने पारो सिस्टम जैसी शोषणकारी प्रथाओं पर तत्काल रोक लगाने, पीड़ित महिलाओं के पुनर्वास, पहचान और रोजगार सहायता की भी सिफारिश की है।
इसके साथ आयोग ने कानूनी सहायता प्रणाली, हेल्पलाइन और जागरूकता अभियान को और मजबूत बनाने पर जोर दिया है, ताकि मुस्लिम महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके।
आयोग ने संबंधित मंत्रालयों से इन सिफारिशों को प्रभावी ढंग से लागू करने की अपील की है, जिससे देशभर में मुस्लिम महिलाओं को न्याय, सुरक्षा और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके।

# एलआईसी ने जीवन साथी ब्रांड के तहत दो नए उत्पादों को किया लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अपने बचत पोर्टफोलियो को मजबूत करने के प्रयासों के तहत दो नए बीमा उत्पादों एलआईसी के न्यू जीवन साथी (सिंगल प्रीमियम) और एलआईसी के न्यू जीवन साथी (लिमिटेड प्रीमियम) लॉन्च की है। ये दोनों प्लान 1 जून, 2026 से ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगे। भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आर. दोराईस्वामी ने प्रबंध निदेशकों आर. चंदर, दिनेश पंत और रत्नाकर पटनायक के साथ मिलकर इन दो नए संयुक्त जीवन बीमा उत्पादों का शुभारंभ किया। एलआईसी ने विवाहित जोड़ों के लिए दो बेहद खास नए संयुक्त



जीवन बीमा उत्पाद पेश किए हैं, उनमें न्यू जीवन साथी सिंगल प्रीमियम (प्लान 888) और न्यू जीवन साथी लिमिटेड प्रीमियम (प्लान 889) शामिल है। बीमा कंपनी ने जारी एक बयान में बताया कि ये दोनों प्लान नॉन-पार्टिसिपेटिंग, नॉन-लिंक्ड, व्यक्तिगत बचत प्लान हैं, जिन्हें विशेष रूप से विवाहित जोड़ों के लिए डिजाइन किया गया है। यह एक ही पॉलिसी के तहत लंबी अवधि की बचत और जीवन सुरक्षा को एक साथ जोड़ते हैं। इसके लिए न्यूनतम मूल बीमा राशि 3 लाख रुपये है, जो 1 जून 2026 से ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगे।

**लॉन्च**

दो नए बीमा उत्पादों एलआईसी के न्यू जीवन साथी और एलआईसी के न्यू जीवन साथी लॉन्च की

**इस पॉलिसी की योग्यता और शर्त**
भारतीय जीवन बीमा निगम के इस पॉलिसी के लिए न्यूनतम प्रवेश आयु की सीमा 18 वर्ष तय की गई है। इसके लिए न्यूनतम सम एश्योर्ड (बीमा राशि) 3,00,000 रुपये है। एलआईसी ने इन नई पॉलिसियों में कुछ नवीनतम फीचर्स का भी समावेश किया है। इनमें सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले लाभ, आकस्मिक बीमा कवर, और मानसिक स्वास्थ्य कवर को शामिल किया गया है। इनसे आपको न केवल वित्तीय सुरक्षा मिलेगी, बल्कि आपकी मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान दिया जाएगा।
**इसके भुगतान का विवरण और लाभ:** मैच्योरिटी या डेथ बेनिट की राशि को एकमुश्त लेने के बजाय 5, 10 या 15 साल की किश्तों (किश्तों) में भी लिया जा सकता है। इन नए प्लान का एक और मुख्य लाभ यह है कि यह आपको दोनों जीवनसाथियों के लिए बीमा कवर प्रदान करता है।
इसका मतलब है यदि किसी एक

## संपादकीय

# कोचिंग संस्कृति के शिकंजे में शिक्षा

**भारतीय** समाज में शिक्षा को हमेशा सामाजिक परिवर्तन, बौद्धिक विकास और राष्ट्रीय निर्माण का सबसे प्रभावशाली साधन माना गया है। प्राचीन गुरुकुलों से लेकर आधुनिक विश्वविद्यालयों तक शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि ऐसे व्यक्तित्व का निर्माण करना रहा है जो विवेकशील, नैतिक, संवेदनशील और समाजोपयोगी हो। शिक्षा व्यक्ति को केवल जीविका कमाने की क्षमता नहीं देती, बल्कि जीवन को समझने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की दृष्टि भी प्रदान करती है। दुर्भाग्य से पिछले तीन दशकों में भारतीय शिक्षा व्यवस्था के समानांतर विकसित हुई कोचिंग संस्कृति ने शिक्षा के इसी मूल उद्देश्य को गंभीर चुनौती दी है। आज स्थिति यह है कि ज्ञान, जिज्ञासा और बौद्धिक विकास की अपेक्षा परीक्षा, अंक, रैंक और चयन को अधिक महत्व दिया जाने लगा है। परिणामस्वरूप शिक्षा का व्यापक मानवीय स्वरूप सिकुड़कर प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी तक सीमित होता दिखाई दे रहा है। कोचिंग संस्थानों का उदय अचानक नहीं हुआ। यह हमारी औपचारिक शिक्षा व्यवस्था की कमजोरियों और समाज की बढ़ती आकांक्षाओं का परिणाम था। उच्च शिक्षा संस्थानों और सरकारी नौकरियों में सीटों की सीमित संख्या, बढ़ती जनसंख्या, तीव्र प्रतिस्पर्धा तथा बेहतर जीवन की इच्छा ने विद्यार्थियों को अतिरिक्त मार्गदर्शन की ओर आकर्षित किया। प्रारंभिक दौर में कोचिंग संस्थान उन छात्रों के लिए सहायक मंच थे जिन्हें किसी विशेष विषय में अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता होती थी। लेकिन समय के साथ यह व्यवस्था इतनी विस्तृत और प्रभावशाली हो गई कि उसने विद्यालयों और महाविद्यालयों की भूमिका को ही चुनौती देना शुरू कर दिया। आज देश के अनेक शहरों में कोचिंग उद्योग एक विशाल आर्थिक तंत्र का रूप ले चुका है। राजस्थान का कोटा, उत्तर प्रदेश का प्रयागराज, दिल्ली का मुखर्जी नगर, हैदराबाद, पुणे, पटना और कई अन्य शहर शिक्षा से अधिक कोचिंग के लिए पहचाने जाने लगे हैं। हजारों छात्र अपने घरों से दूर जाकर वर्षों तक केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगे रहते हैं। उनके दैनिक जीवन का केंद्र विद्यालय या विश्वविद्यालय नहीं, बल्कि कोचिंग संस्थान बन जाते हैं। यह परिवर्तन केवल संस्थागत बदलाव नहीं है; यह शिक्षा के चरित्र में आए गहरे परिवर्तन का संकेत है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता प्राप्त करना है? यदि नहीं, तो वर्तमान व्यवस्था किस दिशा में जा रही है? आज अधिकांश विद्यार्थी किसी विषय को उसकी बौद्धिक सुंदरता या व्यावहारिक उपयोगिता के कारण नहीं पढ़ते, बल्कि इसलिए पढ़ते हैं क्योंकि वह परीक्षा के पाठ्यक्रम का हिस्सा है। विज्ञान, गणित, इतिहास, साहित्य और समाजशास्त्र जैसे विषयों का अध्ययन जिज्ञ-सा से अधिक अंकों के लिए किया जाने लगा है।


**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून


# एसआईआर संवैधानिक, नागरिकता छीनने का टूल नहीं



**अजय कुमार**

> नागरिकता और मतदाता सूची में नामांकन दो अलग-अलग विषय हैं और इन्हें एक नहीं माना जा सकता। न्यायालय के इस विश्लेषण ने विपक्ष की उस रणनीति को बड़ा झटका दिया, जिसके अंतर्गत विशेष गहन पुनरीक्षण को लोगों में भय और असुरक्षा फैलाने का माध्यम बनाया जा रहा था। विशेष रूप से अल्पसंख्यक और प्रवासी मतदाताओं में यह धारणा बनाई जा रही थी कि इस अभियान के माध्यम से उनके नाम सूची से हटाए जाएंगे और उनकी नागरिकता खतरे में पड़ जाएगी। न्यायालय ने इस भ्रम को पूरी तरह निर्मूल कर दिया

**उच्चतम** न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व चुनाव आयोग द्वारा चलाई जा रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) को पूरी तरह वैध और संवैधानिक घोषित कर दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उसे निष्पक्ष एवं शुद्ध मतदाता सूची सुनिश्चित करने का पूर्ण अधिकार है। न्यायालय ने यह भी कहा कि विशेष परिस्थितियों में सामान्य प्रक्रिया से भिन्न तरीका अपनाना न तो संविधान के विरुद्ध है और न ही किसी कानून का उल्लंघन। इस प्रक्रिया को न्यायालय में चुनौती देने वाले याचिकाकताओं का तर्क था कि विशेष गहन पुनरीक्षण सामान्य संशोधन प्रक्रिया से बिल्कुल अलग है और इससे मतदाताओं के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। किंतु उच्चतम न्यायालय ने इस तर्क को अस्वीकार करते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा मांगे जाने वाले 11 प्रकार के दस्तावेजों का समूह मनमाना नहीं है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि अपने आदेश के माध्यम से आधार कार्ड को भी स्वीकार्य दस्तावेजों में शामिल किए जाने के पश्चात याचिकाकताओं की आपत्ति का कोई आधार नहीं बचता। सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष के उस नैरेटिव की हवा निकाल दी, जिसमें वह एसआईआर को लोगों की नागरिकता छीनने का टूल बताकर प्रोपेगैंडा कर रहा था। सुप्रीम कोर्ट के 27 मई को सुनाए गए निर्णय का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि उच्चतम न्यायालय ने विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष के उस सबसे बड़े तर्क को सीधे खारिज कर दिया, जिसमें कहा जा रहा था कि यह प्रक्रिया पिछले दरवाजे से नागरिकता जांच करने का एक षड्यंत्र है। याचिकाकताओं और विभिन्न विपक्षी दलों की यह आशंका थी कि मतदाता सूची से नाम हटाकर वास्तव में किसी की नागरिकता पर प्रश्नचिह्न लगाया जा रहा है। न्यायालय ने इस सोच को पूरी तरह गलत करार दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चुनाव आयोग नागरिकता के प्रश्न को केवल इस सीमित दायरे में देख सकता है कि किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाए अथवा नहीं। चुनाव आयोग का काम नागरिकता तय करना नहीं है, यह एक पूर्णतः भिन्न और अलग प्रक्रिया है। यदि किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से हटाया जाता है, तो इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि वह भारत का नागरिक नहीं रहा। नागरिकता और मतदाता सूची में नामांकन दो अलग-अलग विषय हैं और इन्हें एक नहीं माना जा सकता। न्यायालय के इस विश्लेषण ने विपक्ष की उस रणनीति को बड़ा झटका दिया, जिसके अंतर्गत विशेष गहन पुनरीक्षण को लोगों में भय और असुरक्षा फैलाने का माध्यम बनाया जा रहा था। विशेष रूप से अल्पसंख्यक और प्रवासी मतदाताओं में यह धारणा बनाई जा रही थी कि इस अभियान के माध्यम से उनके नाम सूची से हटाए जाएंगे और उनकी नागरिकता खतरे में पड़ जाएगी। न्यायालय ने इस भ्रम को पूरी तरह निर्मूल कर दिया। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया आरंभ होते ही विपक्षी दलों ने इसे एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना लिया था। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने इस प्रक्रिया पर कड़े प्रहार करते हुए कहा था कि यह गरीबों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को मतदान से वंचित करने की सोची-समझी योजना है। उन्होंने कहा था कि जिन लोगों के पास कागज-पत्र नहीं हैं, उनके नाम काट दिए जाएंगे और इस तरह लाखों वंचित मतदाता अपने मताधिकार से हाथ धो बैठेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भी इस प्रक्रिया की आलोचना करते हुए इसे संविधान की भावना के विरुद्ध बताया था। उनका कहना था कि लोकतंत्र में मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया पारदर्शी और सर्वस्वीकृत होनी चाहिए, न कि एकतरफा और मनमाने तरीके से लागू की जानी चाहिए। वामपंथी दलों ने भी न्यायालय में इस प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं का समर्थन किया था और कहा था कि यह पूरा अभियान संदिग्ध है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा था कि यह सत्ता पक्ष के इशारे पर चुनाव आयोग द्वारा चुनाव परिणामों को प्रभावित करने का प्रयास है। उन्होंने मांग की थी कि इस प्रक्रिया को तत्काल रोका जाए और इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए।



 किंतु उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद अब विपक्ष के ये सभी तर्क न्यायिक दृष्टि से निराधार सिद्ध हो गए हैं। न्यायालय ने न केवल इस प्रक्रिया को संवैधानिक करार दिया, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदाता सूची सुनिश्चित करने का पूरा अधिकार है। इस निर्णय के बाद विपक्ष के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनावी हथियार की तरह इस्तेमाल करना अब बेहद कठिन हो जाएगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस निर्णय से बिहार चुनाव की पूर्व-संध्या पर चुनाव आयोग की साख को बल मिला है। अब तक विपक्ष यह दावा कर रहा था कि चुनाव आयोग पक्षपातपूर्ण ढंग से काम कर रहा है, लेकिन उच्चतम न्यायालय ने आयोग की स्वायत्तता और संवैधानिक अधिकारों की पुष्टि कर उस आरोप को भी कमजोर कर दिया है। यह निर्णय इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि न्यायालय ने अपनी टिप्पणियों में बहुत स्पष्टता के साथ यह रेखा खींच दी कि मतदाता सूची में नाम होना और नागरिक होना, ये दोनों अलग-अलग प्रश्न हैं। यदि किसी कारणवश किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से हटता है, तो उसके नागरिक अधिकार उससे नहीं छिनते। वह व्यक्ति आवश्यक प्रक्रिया के माध्यम से पुनः अपना नाम सूची में दर्ज करा सकता है। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य केवल मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना है। मृत व्यक्तियों के नाम, एक से अधिक स्थानों पर दर्ज नाम और फर्जी प्रविष्टियां हटाना इस प्रक्रिया का मूल लक्ष्य है। आयोग का कहना है कि यदि मतदाता सूची शुद्ध नहीं होगी, तो चुनाव की विश्वसनीयता पर ही प्रश्नचिह्न लग जाएगा। राष्ट्रीय जनता दल के नेता और याचिकाकर्ता मनोज झा, जो प्रमुख याचिकाकताओं में से एक हैं, ने फैसले पर कहा कि न्यायालय का आदेश स्वीकार है, लेकिन चिंता बरकरार रहेगी। हम न्यायपालिका के सम्मान को स्वीकारते हैं, पर जो भय हमारी सामुदायिक जमीन पर फैला था, उसे समझने की जरूरत है। आयोग से अनुरोध है कि वह पारदर्शिता, संवेदनशीलता और व्यापक जन-सहभागिता सुनिश्चित करे, ताकि कमजोर वर्गों के मताधिकार सुरक्षित रहें। झा ने यह भी कहा कि वे और उनकी पार्टी कानूनी विकल्पों और जन-आंदोलन दोनों के जरिए दबाव बनाए रखने का अधिकार रखती है। उन्होंने आयोग से आपत्तियों के निराकरण के लिए आसान रेमेडी और ग्रिवांस रिड्रेसल मैकेनिज्म की मांग दोहराई।

बहरहाल, उच्चतम न्यायालय का निर्णय तकनीकी तौर पर चुनाव आयोग को एक मजबूत वैधानिक कवच देता है और एसआईआर को जारी रखने का रास्ता साफ करता है। पर राजनीतिक पटल पर यह फैसला केवल एक चेकमेट की तरह काम करेगा, जहां न्यायिक पुष्टि के बाद भी मैदान पर सियासी दल अपने नैरेटिव में, जमीन पर काम और वोटर-कनेक्शन को लेकर नए आयाम तलाशेंगे। मनोज झा और राजद का बयान दिखाता है कि अदालत के फैसले को स्वीकार कर लिया गया है, पर राजनीतिक संघर्ष और निगरानी जारी रहेगी।

# बाबा बंदा सिंह बहादुर: शौर्य, बलिदान और न्याय की अमर गाथा

**बाबा** बंदा सिंह बहादुर का जन्म 27 अक्टूबर, 1670 को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में एक डोगरा राजपूत परिवार में हुआ था। उनके पिता जी रामदेव वैष्णव संप्रदाय के अनुयायी थे, जिन्हें बैरागी भी कहा जाता है। बचपन में उनका नाम लक्ष्मण दास था और उन्हें शिकार का बहुत शौक था

एक दिन शिकार के दौरान एक गर्भवती हिरणी की दर्दनाक मृत्यु और उसके अजन्मे शावकों की पीड़ा ने लक्ष्मण दास के मन को गहराई से झकझोर दिया व इस हृदयविदारक घटना ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। उन्होंने सांसारिक जीवन त्याग दिया और नांदेड़ के जंगलों में गोदावरी नदी के किनारे एक साधु के रूप में माधोदास बैरागी के नाम से रहने लगे। सन् 1708 मे दसवें सिख गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी से नांदेड़ में हुई मुलाकात ने उनके भीतर की सोई हुई वीरता को फिर से जगा दिया। जब उन्होंने पंजाब में हो रहे अत्याचारों की कहानियाँ सुनीं तो उनका खून खौल उठा, गुरु जी से अमृत ग्रहण करने के बाद वे पहले गुरबख्श सिंह और फिर बंदा सिंह बहादुर के नाम से प्रसिद्ध हुए गुरु गोबिंद सिंह जी के आशीर्वाद से वे कुछ सिखों के साथ अन्याय और जुल्म को खत्म करने के लिए पंजाब की ओर चल पड़े। पंजाब में प्रवेश करते ही बाबा बंदा सिंह बहादुर ने अपनी छोटी सी सेना के साथ सोनीपत, समाना, मुस्तफाबाद, सढौरा, मलेरकोटला और नाहन जैसे मुगल ठिकानों को हराया और सिस-सतलुज के क्षेत्रों पर विजय प्राप्त की।न्यायप्रिय और धर्मनिष्ठ लोगों के समर्थन से उनकी सेना लगातार बढ़ती गई। सरहिंद के नवाब वजीर खान द्वारा गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह और माता गुजरी जी पर किए गए अत्याचारों से आहत होकर बाबा बंदा सिंह बहादुर ने सरहिंद को जीतने की योजना बनाई 12 मई, 1710 को चप्पड़चिड़ी की निर्णायक लड़ाई में वजीर खान और दीवान सुच्चा नंद को हरा दिया गया दो दिन बाद सरहिंद पर खालसा सेना का कब्जा हो गया व इस ऐतिहासिक विजय के बाद बाबा बंदा सिंह बहादुर ने किसानों को जमींदारी के शोषण से मुक्त कर उन्हें जमीन का मालिक बनाने का आदेश दिया। उन्होंने एक ऐसे समाज की नींव रखी जो धर्म जाति और वर्ग से ऊपर था।उनकी नीतियों को हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों का समर्थन मिला और जल्द ही खालसा राज की गूँज यमुना, गंगा, सहारनपुर, जालंधर, बटाला, कलानौर और अमृतसर तक फैल गई। 1713 में उन्होंने गुरदास नंगल को अपनी राजधानी घोषित किया और न्याय और जनहित पर आधारित शासन की स्थापना की, उनके द्वारा स्थापित धर्मयुद्ध और लोककल्याण की नीति से मुगल शासन भयभीत हो गया व मुगल बादशाह फर्रुखसियर ने उनकी शक्ति को कुचलने के लिए एक विशाल सेना भेजी जिसका नेतृत्व अब्दुल समद खान ने किया। गुरदास नंगल पर आक्रमण कर किले की कड़ी घेराबंदी कर दी गई।

## विचार

# बदलता साहित्यिक स्वरूप और कवि-लेखक

**कृष्ण कुमार निर्माण**

**आज के** समय में साहित्य,लेखक और साहित्यिक/कवि गोष्ठियों की जो जमीनी हकीकत है,वह बेहद चिंतनीय होने के साथ-साथ मजाक की स्तिथि भी बना रही है।क्योंकि असल में वर्तमान दौर में काव्य/साहित्यिक गोष्ठियों में वह बात नहीं रही,जो हुआ करती थी,इनमें अब ताम-झाम शामिल हो चुका है।सोशल मीडिया और डिजिटल युग के इस दौर में जहाँ मंच बढ़े हैं,वहीं साहित्य की गहराई कहीं खोती जा रही है।आज का दौर डिजिटल और सोशल मीडिया का दौर है।इस दौर ने जहाँ आम इंसान को अपनी बात रखने का एक खुला मंच दिया है,वहीं साहित्य के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व और चिंताजनक संकट भी खड़ा कर दिया है।कभी साधना,तपस्या और गंभीर वैचारिक मंथन का विषय रहा साहित्य,आज 'लाइक', 'शेयर' और 'इंस्टेंट फेम' का शिकार हो चुका है।फिसबुक,इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप के दौर में रातों-रात कवियों और लेखकों की एक ऐसी बाढ़ आ गई है,जिसने साहित्य की मूल आत्मा को ही संकट में डाल दिया है।हैरत की बात यह है कि आजकल सोशल मीडिया पर हर दूसरा व्यक्ति साहित्यकार/कवि और लेखक बना बैठा है।दो-चार लाइनें तुकबंदी की नहीं कि खुद को 'वरिष्ठ कवि' या 'महान लेखक' घोषित कर दिया जाता है।एक महाकवि तो ऐसे हैं जिन्हें पिछले मात्र चार सालों में ही आठ हजार अवार्ड मिल चुके हैं।लेखन में जो गहराई,अध्ययन और भाषा की मयार्दा होनी चाहिए,वह अब गायब होती जा रही है। अब मापदंड यह नहीं है कि आपने कितना उत्कृष्ट लिखा है,बल्कि यह है कि आपकी पोस्ट पर कितने 'लाइक' और 'कमेंट' आए हैं।एक-दूसरे की रचनाओं पर झूठी वाह-वाही और अति सुंदर, लाजवाब जैसे कमेंट्स का एक ऐसा व्यापार चल रहा है,जिसने वास्तविक आलोचना और सुधार की गुंजाइश को ही खत्म कर दिया है।लिखना भले कुछ न आता हो, लेकिन डिजिटल पीआर के दम पर लोग खुद को स्थापित कर रहे हैं।एक समय था जब साहित्यिक गोष्ठियाँ या कवि सम्मेलन वैचारिक चेतना के केंद्र होते थे।वहाँ रचनाओं पर गंभीर चर्चा होती थी,वरिष्ठों से सीखने को मिलता था।लेकिन आज की गोष्ठियों का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। आज ये गोष्ठियाँ साहित्य साधना के लिए नहीं,बल्कि 'नेटवर्किंग' और 'फोटो सेशन' के लिए आयोजित की जाती हैं।यहाँ तक अब तो बड़े होटलों में तफरही लेने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और वह भी पूरे ताम-झाम के साथ।मंच पर पैर रखते ही सबसे पहले कैमरे तलाशे जाते हैं,ताकि फेसबुक पर लाइव जाया जा सके या तुरंत तस्वीरें पोस्ट की जा सकें।एक-दूसरे से वीडियो रिकार्डिंग करवाई जाती है ताकि आनन-फानन में स्टेटस पर लगाई जा सके।गोष्ठी में कोई दूसरा क्या पढ़ रहा है,किसकी रचना पढ़ रहा है,तोड़-मरोड़कर पढ़ रहा है या चुराकर पढ़ रहा है,इससे किसी को कोई सरोकार नहीं होता।यहाँ तक उस गोष्ठी में बैठे एकाध सम्मानित साहित्यकार को भी।बस अपनी रचना पढ़ी,अपनी तस्वीरें खिंचाईं और जलपान की तरह बढ़ो। गरिमा और गंभीरता की जगह अब सिर्फ शोर और दिखावे ने ले ली है।आज के आभासी साहित्यिक दौर का सबसे दुखद पहलू है पुरस्कारों और सम्मानों का बाजारीकरण।आज गली-मोहल्लों और सोशल मीडिया के ग्रुप्स में ऐसी संस्थाएं कुकुरमुत्तों की तरह उग आई हैं,जो चंद रुपयों के बदले साहित्य रत्न, कवि शिरोमणि या शब्द शिल्पी जैसे बड़े-बड़े अलंकरण बांट रही हैं।इसकी कड़वी हकीकत यह है कि यह सब रजिस्ट्रेशन फीस या सहयोग राशि के नाम पर पचास रुपये से लेकर दो-चार हजार रुपये दीजिए,मंच पर आइए,शॉल ओढ़िए,मोमेंटो लीजिए और फेसबुक पर चमकीली तस्वीर डालकर खुद को स्थापित लेखक घोषित कर दीजिए।यही हाल गोष्ठियों का हो रहा कि तू मुझे बुला,मैं तुझे बुलाऊँ और तू मुझे शॉल ओढ़ा,मैं तुझे ओढ़ाऊँ और तो और तू मेरी तारीफ कर और मैं तेरी तारीफ करूँऐसे-ऐसे तथाकथित साहित्यकार/कवि,साहित्य सेवक देखे गए हैं जिन्होंने अपने साहित्य क्षेत्र में पदार्पण करने के मात्र दो साल में ही चार-पाँच बड़े राष्ट्रीय कार्यक्रम कर दिए हैं।गजब है ऐसे लोगों का,यहाँ तक उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर जाना जाने लगा है। अरे वाह! कैसे कर लेते हैं ऐसे लोग इतना सबइस प्रवृत्ति ने उन सच्चे साधकों का अपमान किया है जो जीवन भर साहित्य की निस्वार्थ सेवा करते रहे।जब पुरस्कार योग्यता के आधार पर नहीं,बल्कि जेब के आकार पर मिलने लगें,तो साहित्य का पतन निश्चित है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।



वैधानिक सूचना
पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## आलेख


# बाबा बंदा सिंह बहादुर: शौर्य, बलिदान और न्याय की अमर गाथा

बाबा बंदा सिंह बहादुर का जन्म 27 अक्टूबर, 1670 को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में एक डोगरा राजपूत परिवार में हुआ था। उनके पिता जी रामदेव वैष्णव संप्रदाय के अनुयायी थे, जिन्हें बैरागी भी कहा जाता है। बचपन में उनका नाम लक्ष्मण दास था और उन्हें शिकार का बहुत शौक था

एक दिन शिकार के दौरान एक गर्भवती हिरणी की दर्दनाक मृत्यु और उसके अजन्मे शावकों की पीड़ा ने लक्ष्मण दास के मन को गहराई से झकझोर दिया व इस हृदयविदारक घटना ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। उन्होंने सांसारिक जीवन त्याग दिया और नांदेड़ के जंगलों में गोदावरी नदी के किनारे एक साधु के रूप में माधोदास बैरागी के नाम से रहने लगे। सन् 1708 मे दसवें सिख गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी से नांदेड़ में हुई मुलाकात ने उनके भीतर की सोई हुई वीरता को फिर से जगा दिया। जब उन्होंने पंजाब में हो रहे अत्याचारों की कहानियाँ सुनीं तो उनका खून खौल उठा, गुरु जी से अमृत ग्रहण करने के बाद वे पहले गुरबख्श सिंह और फिर बंदा सिंह बहादुर के नाम से प्रसिद्ध हुए गुरु गोबिंद सिंह जी के आशीर्वाद से वे कुछ सिखों के साथ अन्याय और जुल्म को खत्म करने के लिए पंजाब की ओर चल पड़े।

पंजाब में प्रवेश करते ही बाबा बंदा सिंह बहादुर ने अपनी छोटी सी सेना के साथ सोनीपत, समाना, मुस्तफाबाद, सढौरा, मलेरकोटला और नाहन जैसे मुगल ठिकानों को हराया और सिस-सतलुज के क्षेत्रों पर विजय प्राप्त की।न्यायप्रिय और धर्मनिष्ठ लोगों के समर्थन से उनकी सेना लगातार बढ़ती गई। सरहिंद के नवाब वजीर खान द्वारा गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह और माता गुजरी जी पर किए गए अत्याचारों से आहत होकर बाबा बंदा सिंह बहादुर ने सरहिंद को जीतने की योजना बनाई 12 मई, 1710 को चप्पड़चिड़ी की निर्णायक लड़ाई में वजीर खान और दीवान सुच्चा नंद को हरा दिया गया दो दिन बाद सरहिंद पर खालसा सेना का कब्जा हो गया व इस ऐतिहासिक विजय के बाद बाबा बंदा सिंह बहादुर ने किसानों को जमींदारी के शोषण से मुक्त कर उन्हें जमीन का मालिक बनाने का आदेश दिया। उन्होंने एक ऐसे समाज की नींव रखी जो धर्म जाति और वर्ग से ऊपर था।


# नमो सरकार के बारह साल

**डॉ घनश्याम बादल**

2014 में जब नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में प्रवेश किया था, तब देश केवल सरकार नहीं बदल रहा था, वह उम्मीदों का एक नया नैरेटिव गढ़ रहा था। अच्छे दिन,न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन, ना खाऊँगा, ना खाने दूँगा, हर साल दो करोड़ रोजगार, काला धन वापसी, किसानों की आय दोगुनी, विश्वगुरु भारत-ये केवल चुनावी नारे नहीं थे, बल्कि एक ऐसे भारत का सपना थे जो भ्रष्टाचार, नीतिगत लकवे और कमजोर नेतृत्व से उबरना चाहता था। अब बारह वर्षों बाद प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि उन वादों का क्या हुआ? क्या देश वास्तव में बदल गया, या केवल राजनीतिक कथा बदल गई?

मोदी युग को केवल असफलता या केवल सफलता कह देना अतिशयोक्ति होगी। यह एक ऐसा दौर है जिसमें जितनी उपलब्धियाँ हैं, उतनी ही विफलताएँ भी। पहले उपलब्धियों की बात करें तो यह स्वीकार करना पड़ेगा कि नरेंद्र मोदी ने शासन की शैली बदल दी। भारत में पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने योजनाओं, कार्यक्रमों और सरकारी प्रचार को आक्रामक नीति में बदल दिया है। जनधन खाते, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं ने करोड़ों गरीब परिवारों तक प्रत्यक्ष पहुँच बनाई। डिजिटल भुगतान और यूपीआई व्यवस्था ने भारत को दुनिया के अग्रणी डिजिटल देशों में खड़ा कर दिया। आज सड़क, एक्सप्रेसवे, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे और बंदरगाहों का विस्तार पहले की तुलना में कहीं अधिक तेज दिखाई देता है। मोदी सरकार के समर्थक तर्क देते हैं कि यदि देश में परिवर्तन नहीं हुआ होता तो भारत आज विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं बनता।विदेश नीति के मोर्चे पर भी मोदी सरकार ने भारत की उपस्थिति को आक्रामक रूप से स्थापित किया। अमेरिका से लेकर खाड़ी देशों तक भारत की कूटनीतिक शक्ति बढ़ी है। जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन, वैश्विक मंचों पर भारत की मुखर भूमिका और रक्षा समझौतों ने यह संदेश दिया कि भारत अब केवल गुटनिरपेक्ष दर्शक नहीं, बल्कि सक्रिय वैश्विक खिलाड़ी है।

## न्यूज फ्लैश

### संगीत न केवल कलात्मक विकास करता है बल्कि जीवन में अनुशासन और नैतिक संस्कारों का भी निर्माण करता है: डॉ गणेश दत्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 27, मई (विजय कौशिक)** : संस्कृति और कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कला एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा व बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम व अन्नक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन गीत-संगीत कार्यशाला का भव्य शुभारंभ किया गया। मार्केट कमेटी लाडवा के चेयरमैन डॉ गणेश दत्त शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस विशेष कार्यशाला में स्थानीय कलाकारों सहित बड़ी संख्या में बच्चे और युवा हिस्सा ले रहे हैं, जिन्हें संगीत की बारीकियों से रूबरू कराया जा रहा है। बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम के महासचिव अनुज गोयल ने मुख्य अतिथि डॉ गणेश दत्त शर्मा व उप प्रधान संजय सिंघल ने संगीत निर्देशक दिलावर कौशिक को माला पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ गणेश दत्त शर्मा और संगीत प्रशिक्षक दिलावर कौशिक द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला की औपचारिक शुरूआत की गई। उद्घाटन सत्र के पहले ही दिन बच्चों और युवाओं में गायन तथा वादन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शिविर में आए प्रशिक्षुओं में 72 साल के बुजुर्ग से लेकर 6 साल के बच्चे शामिल हैं जो हारमोनियम,तबला, ढोलक , गायन का प्रशिक्षण ले रहे हैं।
प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए डॉ गणेश दत्त शर्मा ने कहा कि संगीत न केवल कलात्मक विकास करता है बल्कि जीवन में अनुशासन और नैतिक संस्कारों का भी निर्माण करता है।
संगीत प्रशिक्षक दिलावर कौशिक ने कहा कि शिविर में सीखने के बाद घर पर भी अभ्यास बहुत जरूरी है। अभ्यास से ही प्रतिभा निखरती है। बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम के प्रधान विकास सिंघल ने कहा कि बदलते दौर की व्यस्त जीवनशैली में ऐसी कार्यशालाएं बच्चों मंच प्रस्तुति से संबंधित झिझक को दूर करने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होती हैं।
कार्यशाला के प्रोजेक्ट चेयरमैन कुंवर सिंघल ने इस शिविर के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व कला संस्कृति विभाग हरियाणा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजकुमार सैनी, सुरेश कंसल, तिलकराज गुप्ता, जितेंद्र सिंह, रुमित गर्ग, नवीन गर्ग सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### फैक्ट्री फायरिंग मामले में आरोपी को लेकर पुलिस ने कराया घटनास्थल का मुआयना




**रादौर, 27 मई (कुलदीप सैनी)** : जठलाना स्थित पूर्व विधायक दिलबाग सिंह की फैक्ट्री के बाहर फायरिंग मामले में गिरफ्तार आरोपी हर्ष को बुधवार को रादौर पुलिस गांव कांजनू के पास मुठभेड़ स्थल पर लेकर पहुंची। यहां पुलिस ने आरोपी से घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। रादौर थाना प्रभारी राजेश राणा ने बताया कि आरोपी हर्ष ने 30 मार्च 2026 को फैक्ट्री के बाहर कई राउंड फायरिंग की थी। पूछताछ में सामने आया कि उसने यह वारदात रादौर निवासी अपराधी कार्तिक पंडित के कहने पर अंजाम दी थी। पुलिस के अनुसार, पहली वारदात के बाद आरोपी को दोबारा एक बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए कहा गया था। इसी दौरान 10 अप्रैल 2026 को गांव कांजनू के पास सीआईए टीम के साथ उसकी मुठभेड़ हो गई, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी थी। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। थाना प्रभारी ने युवाओं से अपील की कि वे अपराधियों के बहकावे में आकर अपना भविष्य खराब न करें।

# महापौर रेणु बाला ने की जन सुनवाई, समस्याएं सुन मौके पर किया समाधान

**जन सुनवाई**

**अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित समाधान के दिए निर्देश, नागरिकों को न हो परेशानी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के मकसद को लेकर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने बुधवार को नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई का आयोजन किया, जिसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखी। मेयर ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता पूर्वक सुन संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए।

जन सुनवाई के दौरान महापौर के समक्ष मरम्मत कार्य, स्ट्रीट लाइटों को दुरूस्त करना, सीवरेज निकासी तथा जलापूर्ति से संबंधित शिकायतें आई। महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में जाकर समस्याओं का निरीक्षण करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करें। साथ ही उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित शाखाओं के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी समस्या का समाधान लंबित न रहे।

महापौर ने शहर की स्वच्छता को लेकर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर के निर्माण में नागरिकों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण करें और उसे नगर निगम के कूड़ा वाहन में अलग-अलग ही डालें। इसके साथ-साथ नगारिक सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचें, ताकि हम पृथ्वी के साथ-साथ पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियानों को सफल बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग जरूरी है। यदि कहीं गंदगी दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत नगर निगम को दें, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।

## बीच रास्ते बोलेरो रोककर हमला




**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले में कस्बा घरौंडा से चंडीगढ़ जा रही बोलेरो गाड़ी को बीच रास्ते में रोककर हमला करने का मामला सामने आया है। जहां पर एक कार ड्राइवर ने तेज गति से आकर गाड़ी के आगे अचानक ब्रेक लगाया, जिससे टक्कर हो गई। इसके बाद आरोपी ने अपने साथियों के साथ डंडों से हमला कर दिया। घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ितों ने मामले की शिकायत मधुबन पुलिस को की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
पानीपत की देसराज कॉलोनी निवासी नितिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कल वह ड्राइवर सलमान पुत्र युसुफ के साथ घरौंडा से कालरम रास्ते होते हुए चंडीगढ़ जा रहा था। उनकी बोलेरो गाड़ी में रेलवे का सामान लोड था। रास्ते में एक कार ने तेज रफ्तार में आकर उनकी गाड़ी के आगे अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे टक्कर हो गई।
नितिन के अनुसार टक्कर के बाद आरोपी गाड़ी से उतरे और डंडों से उनकी बोलेरो के शीशे तोड़ दिए। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। इस दौरान नितिन के हाथ पर डंडा मारकर उसे तोड़ दिया गया, जबकि ड्राइवर सलमान की टांगों पर 12 से 15 वार किए गए। जिससे उसकी टांगों में फ्रैक्चर आ गया।
मामले में थाना मधुबन पुलिस ने 26 मई को मुकदमा दर्ज किया है। जांच अधिकारी एसआई राममेहर को केस सौंपा गया है। पुलिस का कहना है कि शिकायत, मेडिकल रिपोर्ट और एक्स-रे के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### कांजनू में मां-बेटे से मारपीट, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 27 मई (कुलदीप सैनी)** : गांव कांजनू में एक युवक ने गांव के ही व्यक्ति पर अपनी मां और उसके साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है।
पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में प्रवीन कुमार ने बताया कि वह शाम करीब पांच बजे काम से घर लौटा तो देखा कि गांव निवासी रोहित कुमार उसकी मां रानी देवी के साथ मारपीट कर रहा था। जब उसने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी।

## सीजेएम ने किया इंद्री सब डिविजनल लीगल सर्विसेज कमेटी का निरीक्षण

**निरीक्षण**

**उन्होंने बताया कि लंबित मुकदमों की पहचान कर संबंधित पक्षों से संपर्क किया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने बुधवार को इंद्री सब डिविजनल लीगल सर्विसेज कमेटी का निरीक्षण किया।

इस मौके पर इंद्री सिविल जज (जूनियर डिवीजन) कुणाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने इंद्री में स्थापित कानूनी सहायता केंद्र का भी निरीक्षण किया और उपस्थित पैनल अधिवक्ताओं से बातचीत की। उन्होंने बताया कि जिला में लंबित मुकदमों को आपसी समझौते के जरिए समाधान हेतु समाधान समारोह 2026 की शुरूआत की गई है। इस ड्राइव के माध्यम से पारंपरिक न्यायिक प्रक्रिया के स्थान पर संवादए सहमति और मध्यस्ता के जरिए विवाद सुलझाए जाएंगे, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि लंबित मुकदमों की पहचान कर संबंधित पक्षों से संपर्क किया जाएगा। दोनों पक्षों को प्री लोक अदालत और सुलह बैठकों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जरूरत पड? पर वर्चुअल और हाइब्रिड मोड से वीडियो कान्फ्रेंस सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 23 अगस्त तक चलाया जाएगा। उन्होंने मीडीएटर्स को समाधान समारोह 2026 में भाग लेने, जनसाधारण को ड्राइव व मध्यस्थता प्रक्रिया बारे जागरूक करने और ड्राइव समाधान समारोह 2026 को सफल बनाने हेतु प्रेरित किया। दोपहर बाद सीजेएम ने कानूनी सहायता केंद्र भादसों का निरीक्षण किया और जागरूकता शिविर का आयोजन कर गांववासियों को प्लास्टिक का उपयोग न करके कपड़े व जूट के बैग प्रयोग करने और पर्यावरण सुरक्षा हेतु पौधरोपण करने हेतु प्रेरित किया।

### सोमनाथ दर्शन की निशुल्क यात्रा के लिए 6 जून तक कराएं पंजीकरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सोमनाथ दर्शन यात्रा के लिए 8 जून को विशेष ट्रेन कुरुक्षेत्र से रवाना होगी, जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यात्रा का लाभ उठाने के लिए इच्छुक वरिष्ठ नागरिक 6 जून तक सरल हरियाणा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।
सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए और उनके परिवार की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपए से कम होनी चाहिए।
सभी पात्र व्यक्ति अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर या अपने स्मार्टफोन के माध्यम से सरल हरियाणा पोर्टल पर घर बैठे इस निशुल्क यात्रा के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आवेदन करने के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य किए गए हैं, जिनमें वैध फोटो पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड या अन्य सरकारी आईडी), परिवार पहचान पत्र, शारीरिक रूप से यात्रा के लिए फिट होने की स्वयं घोषणा तथा पिछले तीन वर्षों में योजना का लाभ न लेने की घोषणा शामिल है। उन्होंने पात्रता की जानकारी देते हुए

## सुगनी देवी स्कूल में जेंडर सेंसिटिव विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 27 मई (विजय कौशिक)** : लाडवा के सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 26 व 27 मई को ह्यजेंडर सेंसिटिवह्व विषय पर दो दिवसीय इन-हाउस सीबीपी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण की रिसोर्स पर्सन विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा रहीं। कार्यशाला का शुभारंभ प्रार्थना गीत से किया गया। इस प्रशिक्षण में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। पहले दिन प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने जेंडर संबंधित स्टीरियोटाइप्स तथा कक्षा में अनजाने में होने वाले जेंडर बायस पर सत्र लिया। उन्होंने केस स्टडी व रोल-प्ले के माध्यम से समझाया कि भाषा व उदाहरण भी भेदभाव को बढ़ाते हैं। दूसरे दिन पोश (ढडरल) अधिनियम, पॉक्सो के साथ-साथ ह्यपावर रिलेशनह्व और ह्यजेंडर आधारित हिंसाह्व के विभिन्न रूपों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि समाज में शक्ति का असंतुलन कैसे घरेलू हिंसा, धमकी, आर्थिक व मानसिक उत्पीड़न को जन्म देता है।
शिक्षकों को स्कूल स्तर पर ऐसी घटनाओं को पहचानने, विद्यार्थियों को सुरक्षित माहौल देने व जेंडर न्यूट्रल टीचिंग अपनाने के टिप्स दिए गए। कार्यशाला के समापन पर प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने कहा कि शिक्षक ही बदलाव की पहली कड़ी हैं। सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताया और इसे कक्षा में लागू करने का संकल्प लिया।

## नशामुक्त समाज के उद्देश्य से पुलिस व स्वास्थ्य विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान




**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्त समाज के उद्देश्य को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज गांव मैनमती थाना कुंजपुरा स्थित इंडस्ट्री एरिया में डॉक्टर एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा वहां कार्यरत कर्मचारियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम राघव एग्रीकलर इंडस्ट्रीज,माइको एग्रीसोलूशंस एलएलपी एवं सिमरन इंडस्ट्रीज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर हरीश, सहायक उप निरीक्षक जगमाल सिंह, कॉन्स्टेबल करमवीर द्वारा कर्मचारियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों को बताया गया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित करता है तथा परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कर्मचारियों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

### 15 वर्षीय किशोरी लापता, तलाश में जुटी पुलिस

**रादौर, 27 मई (कुलदीप सैनी)** : जठलाना क्षेत्र से एक प्रवासी मजदूर की 15 वर्षीय बेटी के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में लापता किशोरी के पिता ने बताया कि रात के समय परिवार के सभी सदस्य घर पर सोए हुए थे। सुबह उठने पर देखा कि उनकी 15 वर्षीय बेटी घर पर नहीं थी। इसके बाद परिवार ने आसपास के क्षेत्रों में उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया।

## 5 जून से शुरू होगा मतदाता सूची का विशेष गहन संशोधन अभियान



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 27 मई (कुलदीप सैनी)** : चुनाव आयोग के निर्देशों पर रादौर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन अभियान की शुरूआत 5 जून से की जाएगी। इस संबंध में बुधवार को एसडीएम कार्यालय रादौर में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। एसडीएम नरेंद्र कुमार ने बताया कि मतदाता सूची को निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटिहीन बनाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के पहले 10 दिनों में आवश्यक प्रपत्रों की छपाई तथा बूथ लेवल अधिकारियों और बीएलओ सुपरवाइजरों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद 15 जून से घर-घर जाकर सर्वे का कार्य शुरू होगा, जो एक महीने तक चलेगा। इस दौरान बीएलओ मतदाताओं के विवरण का सत्यापन कर आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध करवाएंगे। सर्वे के आधार पर ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि ड्राफ्ट सूची जारी होने के बाद दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए लोगों को एक महीने का समय दिया जाएगा। नागरिक अपने आवेदन एसडीएम कार्यालय में जमा करवा सकेंगे, जिन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का गहन संशोधन चुनाव आयोग की नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है। इससे पहले वर्ष 2002 में यह अभियान चलाया गया था और अब करीब 24 वर्ष बाद दोबारा यह प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस मौके पर तहसीलदार अशोक कुमार, नायब तहसीलदार अनिल कुमार, बीडीपीओ सिमरन भटनागर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी और हीट वेव को लेकर प्रशासन अलर्ट, नागरिक बरतें सावधानी : डीसी



**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
***फतेहाबाद, 27 मई*:** लगातार बढ़ रही गर्मी और हीट वेव को देखते हुए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि आमजन की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और गर्मी के मौसम में सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें।
उन्होंने कहा कि नागरिक नियमित रूप से मौसम पूर्वानुमान की जानकारी लेते रहें और शरीर को हाइड्रेट बनाए रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, भले ही प्यास महसूस न हो।
ओआरएस, नींबू पानी, छाछ, लस्सी एवं अन्य घरेलू पेय पदार्थों का सेवन गर्मी से बचाव में लाभदायक है।
डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि धूप में निकलते समय हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें तथा सिर को टोपी, छाते, पगड़ी या दुपट्टे से ढककर रखें। बाहर जाते समय पानी साथ रखें और लंबे समय तक सीधे धूप में रहने से बचें।
यदि किसी व्यक्ति को खुले में कार्य करना आवश्यक हो तो वह समय-समय पर विश्राम करे तथा सिर, गर्दन और चेहरे को गीले कपड़े से ढककर रखे।
*श्रमिकों के लिए भी जारी किए गए विशेष निर्देश*
डीसी ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों एवं निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिकों के लिए भी विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यस्थलों पर ठंडे पेयजल एवं विश्राम की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा श्रमिकों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच सीधे सूर्य की रोशनी में कार्य करने से बचाया जाए। कठिन कार्य सुबह या शाम के समय करवाए जाएं। गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों एवं बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए गए हैं।
उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों और पालतू पशुओं को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ें तथा गहरे रंग और तंग कपड़ों से बचें। आमजन स्वयं भी सतर्क रहें और अपने परिवार, विशेषकर बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें ताकि हीट वेव के दुष्प्रभावों से बचाव संभव हो सके।
*स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा जागरूकता अभियान:-*
सिविल सर्जन डॉ. बुधराम ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलाभर में बढ़ती गर्मी एवं लू से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि नागरिक अस्पताल में हीट वेव कॉर्नर एवं ओआरएस कॉर्नर स्थापित किए गए हैं, जहां मरीजों एवं उनके परिजनों को गर्मी से बचाव संबंधी जानकारी दी जा रही है।
उन्होंने कहा कि तेज धूप एवं गर्म हवाओं के कारण शरीर में पानी की कमी, चक्कर आना, उल्टी, कमजोरी एवं हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

## खेत में काम कर रहे युवक पर चाकू से हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले के निगदू क्षेत्र के गांव कारसा डोड में खेत पर काम कर रहे एक युवक पर उसके ही साथी ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घटना रात के समय हुई, जब सभी मजदूर काम में लगे हुए थे। हमले में एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पहले निगदू अस्पताल और फिर करनाल रेफर किया गया।
हालत बिगड? पर उसे बिहार ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। जिस कारण वह शिकायत नहीं दे पाया। करीब सवा महीने बाद पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस ने अब केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
बिहार के पूर्णिया जिले के रामपुर तिलक निवासी संतोष मंडल ने शिकायत में बताया कि वह बीती 10 अप्रैल को ठेकेदार संतोष मंडल पटरा विहार की लेबर के साथ गांव कारसा डोड के किसान प्रवीन कुमार के खेत पर काम करने आया था। 18 अप्रैल की रात करीब 12 बजे सभी मजदूर भूसा बांधने का काम कर रहे थे। इसी दौरान उनके साथ काम कर रहे कुमोद मंडल निवासी ठाढी चंदरही, थाना बड़हारा कोठी, जिला पूर्णिया बिहार ने नशे की हालत में संतोष मंडल पर चाकू से हमला कर दिया। आरोप है कि उसने जान से मारने की नियत से संतोष के पेट में चाकू मारा, जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गया।
घटना के बाद साथी मजदूर घायल संतोष को तुरंत निगदू के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां 18 अप्रैल को उसे भर्ती किया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे करनाल के सरकारी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# जगाधरी रोड पर नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान

## महाराणा प्रताप चौक से पंचायत भवन तक चली कार्रवाई, दोबारा कब्जा करने पर दी सख्त चेतावनी

**विशेष अभियान**

सड़क किनारे रेहड़ियों और अतिक्रमण के कारण अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी



**नितिन सिंगला जगाधरी**

**यमुनानगर।** नगर निगम की टीम ने बुधवार को जगाधरी रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए महाराणा प्रताप चौक से पंचायत भवन तक सड़क किनारे किए गए अस्थायी कब्जों को हटाया।

इस दौरान सड़क किनारे खड़ी रेहड़ियों और फड़ियों को हटवाकर उन्हें मॉडल टाउन स्थित स्ट्रीट वेंडिंग जोन में जाने के निर्देश दिए गए। टीम ने सड़क तक फैले सामान को जब्त करते हुए दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

यह अभियान नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निदेर्शों पर सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा की टीम द्वारा चलाया गया। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से खड़ी रेहड़ियां, अस्थायी ढांचे, फुटपाथ पर रखा सामान, साइन बोर्ड और अवैध रूप से लगाए गए टेंट हटवाए गए। जब्त सामान को निगम के वाहनों में लोड किया गया। नगर निगम आयुक्त के निदेर्शों पर जोन-1 में मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह और जोन-2 में मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल के नेतृत्व में टीमें गठित की गई हैं, जो नियमित रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक, अतिक्रमण, खुले में गंदगी फैलाने और कचरे में आग लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं।

बुधवार को जोन-2 में मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल के मार्गदर्शन में सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा, सफाई निरीक्षक प्रदीप दहिया, सहायक सफाई निरीक्षक कृष्ण कुमार, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता और होमगार्ड जवानों की टीम महाराणा प्रताप चौक पहुंची और अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया। कार्रवाई शुरू होते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया और कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपना सामान दुकानों के भीतर रखना शुरू कर दिया। टीम ने सरोजनी कॉलोनी के पास सड़क किनारे बैठे प्रवासी लोगों को भी पीछे शिफ्ट कराया।

सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा ने बताया कि जगाधरी फर्क्ड शहर का सबसे व्यस्त मार्ग है, जहां दिनभर भारी वाहनों की आवाजाही रहती है। सड़क किनारे रेहड़ियों और अतिक्रमण के कारण अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी, जिससे वाहन चालकों, राहगीरों और दुकानदारों को परेशानी होती थी। नगर निगम की टीम ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में दोबारा सड़क किनारे अतिक्रमण किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# श्री सोमनाथ मंदिर की निशुल्क यात्रा के लिए 6 जून तक करें आवेदन : विश्राम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी पहल ह्यमुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजनाह्ल के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व - 1000 वर्ष की अखंड आस्था व पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर बुजुर्ग श्रद्धालुओं को पवित्र तीर्थ स्थल श्री सोमनाथ मंदिर प्रभास पाटन, वेरावल (गुजरात) के दर्शन करवाए जाएंगे। आगामी 8 जून को एक विशेष ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस विशेष ट्रेन को कुरुक्षेत्र से झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत यात्रा पूरी तरह निःशुल्क होगी और पात्र श्रद्धालुओं को रहने व खाने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इच्छुक श्रद्धालु 6 जून तक सरल हरियाणा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। चयन प्रक्रिया पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगी, इसलिए पात्र लाभार्थियों से समय रहते आवेदन करें। इस यात्रा का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए कुछ नियम निर्धारित किए हैं। इसके लिए आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। योजना के नियमों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति तीन वर्षों में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजीकरण करवाने वाले सभी लाभार्थियों को 6 जून तक पहले लघु सचिवालय स्थित जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में अपनी सूचना देना अनिवार्य होगा, ताकि यात्रा संबंधी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जा सकें।

उन्होंने जिले के पात्र बुजुर्गों से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और पवित्र धाम के दर्शन कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें।

**न्यूज फ्लैश**

# पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कार्यकर्ताओं के साथ सादगी से मनाया अपना जन्मदिन; लगा बधाइयों का तांता



**नितिन सिंगला जगाधरी**

**हरियाणा** सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने आज अपना जन्मदिन आमजन, भाजपा कार्यकताओं व पदाधिकारियों, समर्थकों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ बेहद सादगी और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर सुबह से ही उनके निवास स्थान पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।जन्मदिन के विशेष अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंचे पार्टी कार्यकताओं व आमजन ने पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर को फूलों के गुलदस्ते भेंट किए और मिठाई खिलाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीघार्यु की कामना की। कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए पूर्व मंत्री ने सभी का आभार व्यक्त किया और मिठाई भेंटकर खुशियां साझा कीं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ,भारतीय जनता पार्टी हरियाणा का फेसबुक पेज, वर्तमान सरकार के बहुत से सम्मानित मंत्रीगण ,बहुत से पूर्व मंत्री, वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारीगण ने सुबह से ही सोशल मीडिया पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुर्जर को बधाई देने का सिलसिला शुरू किया जो देर शाम तक जारी रहा , सोशल मीडिया पर पूर्व कैबिनेट मंत्री का कंवरपाल गुर्जर का जन्मदिन ट्रेंडिंग में रहा , हजारों लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं सोशल मीडिया पर एवं व्यक्तिगत रूप से उनके जगाधरी कार्यालय पर मिलकर दी।

**जनता की सेवा ही मेरा मुख्य संकल्प: पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर**

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि कार्यकताओं और क्षेत्र की जनता से मुझे जो स्नेह और आशीर्वाद हमेशा मिलता रहा है, वही मेरी असली ताकत है। आज अपने जन्मदिन के अवसर पर मैं पुनः स्वयं को जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित करने का संकल्प लेता हूँ।

**सामाजिक सरोकार के साथ मनाया दिन**

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कार्यकताओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर सामाजिक सरोकार के कार्य भी आयोजित किए गए। कई जगहों पर फल वितरण ,जल वितरण किया गया। इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, स्थानीय पदाधिकारी, युवा मोर्चा के सदस्य और भारी संख्या में क्षेत्र के नागरिक मौजूद रहे,

# मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत किसानों को मिलेगा 8 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन

**सिरसा, (रणबीर खटक)**

हरियाणा सरकार द्वारा खरीफ-2026 के दौरान धान के रकबे को कम करने तथा गिरते भू-जल स्तर को बचाने के उद्देश्य से मेरा पानी-मेरी विरासत योजना लागू की गई है। योजना के तहत धान की फसल के स्थान पर वैकल्पिक फसलें अपनाने वाले किसानों को 8 हजार रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। कृषि विभाग के उप निदेशक डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि जो किसान धान की जगह मक्का, कपास, खरीफ दलहन, तिलहन, चारा फसलें, सब्जियां, कृषि वानिकी अपनाएंगे या खेत खाली रखेंगे, उन्हें भी योजना का लाभ मिलेगा। इसके अलावा दालें, तिलहन और कपास की खेती करने वाले किसानों को 2 हजार रुपये प्रति एकड़ अतिरिक्त बोनस राशि भी दी जाएगी। इच्छुक किसान मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल / पर अपना पंजीकरण करवाएं। यह पोर्टल अंतिम तिथि तक खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने खरीफ-2025 में फसल विविधीकरण के तहत मेरा पानी-मेरी विरासत योजना का लाभ लिया था और वे खरीफ-2026 में भी फसल विविधीकरण अपनाते हैं, वे इस योजना के तहत पुनः लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे।

# हाई बीपी, शुगर, श्वास सहित बहुत से रोगों का जनक है मोटापा : ओम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** भारतीय योग संस्थान के केंद्रीय कार्यालय रोहिणी, दिल्ली के निदेर्शानुसार संस्थान द्वारा इस वर्ष विशेषकर अप्रैल से जून तक पूरे भारतवर्ष में सभी स्थानों पर मोटापा रोग निवारण शिविर लगाए जाने हैं क्योंकि दूषित खानपान, निष्क्रिय जीवन शैली व स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही से यह रोग बड़ी तेजी से पूरे समाज में फैल रहा है । केवल व्यस्कों ही नहीं, युवाओं व बच्चों में भी यह रोग बड़ी तेजी से बढ़ रहा है जो कि समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है । हरियाणा प्रांत में भी सभी योग जिलों के जोनों द्वारा अपने-अपने स्थानों पर मोटापा रोग निवारण शिविर लगाए जा रहे हैं । इसी श्रृंखला में संस्थान के कृष्ण जिला के अंतर्गत नरकातारी रोड़ पर साधु फॉर्म के निकट सुरेंद्र कुमार के प्लाट में प्रोफेसर कॉलोनी जोन प्रधान मिथिलेश चौधरी के प्रयासों से एक पांच दिवसीय मोटापा रोग निवारण शिविर लगाया गया है जिसका लाभ 35 से अधिक साधक- साधिकाओं द्वारा उठाया जा रहा है । शिविर में काफी संख्या में बच्चे भी शिरकत कर रहे हैं । शिविर में ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र उच्चारण के पश्चात मोटापा रोगियों को बदल बदल कर विशेष प्रकार की सूक्ष्म क्रियाएं, मोटापा घटाने वाले योगासन, प्राणायाम व ध्यान साधना का अभ्यास करवाया जा रहा है ताकि सेब के आकार व नाशपाती के आकार दोनों तरह का मोटापा कम हो सके । मोटापा रोग निवारण प्रशिक्षण शिविर में विशेष रूप से प्रशिक्षित संस्थान की वरिष्ठ योग शिक्षिका मिथलेश व चौधरी मांगे राम का इस शिविर के दैनिक सुचारु संचालन में विशेष योगदान मिल रहा है । शिविर के दूसरे दिन जोन प्रधान मिथिलेश चौधरी ने साधकों को सूक्ष्म व्यायाम तथा ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र का उच्चारण करवाया । संस्थान के प्रांतीय संगठन मंत्री एवं प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने उपस्थित साधक- साधिकाओं को विभिन्न योगासन प्राणायाम व ध्यान साधना का अभ्यास करवाने के साथ-साथ मोटापा रोग के दुष्परिणामों के बारे में बताया । उन्होंने मोटापा रोगी का भोजन कैसा हो इस विषय पर भी संक्षेप में साधकों का मार्गदर्शन किया । शिविर के तीसरे दिन मिथिलेश चौधरी, मांगेराम, दिलबाग सिंह व पूर्व प्रांतीय अधिकारी सुशीला ने योगाभ्यास करवाया।

# पक्षियों की सेवा मानवता और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी : डॉ. अंकेश्वर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा-3 द्वारा पद्मिनी एकादशी के पावन अवसर पर परीक्षा शाखा के आसपास विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी के कसोरे एवं दाने की व्यवस्था की गई। इस पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण तथा जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जीवों की सेवा को अत्यंत पुण्य का कार्य माना गया है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में पक्षियों को भोजन और पानी उपलब्ध कराना मानवता एवं प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों से अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में भी पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करने की अपील की। परीक्षा शाखा के उपकुलसचिव डॉ. जितेन्द्र जांगडा ने कहा कि पद्मिनी एकादशी जैसे धार्मिक अवसर हमें सेवा, करुणा और प्रकृति संरक्षण की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी में पक्षियों के सामने पानी और भोजन का संकट उत्पन्न हो जाता है, ऐसे में समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर उनकी सहायता करनी चाहिए।

अवसर पर डॉ. जीत सिंह, शिव कुमार, शक्ति सिंह, बीरबल सिंह, सुमन शर्मा, चत्तर सिंह, उषा कालड़ा, रीना, महेंद्र सिंह, शशि, कृष्ण गोपाल, संजय, अर्जुन सचिन, सपना, बृजेश, अन्नू सैनी, शिवराज शर्मा, सूरजभान सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसडीएम सतीन्द्र सिवाच ने राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठक ली

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला/बराड़ा:** उपमण्डल अधिकारी (ना०) बराड़ा सतीन्द्र सिवाच की अध्यक्षता में उपमण्डल स्तरीय राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खण्ड कृषि अधिकारी, कानूनगो तथा बराड़ा एवं मुलाना क्षेत्र के समस्त पटवारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान एसडीएम सतीन्द्र सिवाच ने राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में लंबित कार्यों का निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को राजस्व सेवाएं पारदर्शी, सरल और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में इंतकालों की स्थिति, वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 की जमाबंदियों, ततीमा अपडेटिंग कार्य तथा एमएफएमबी से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त एग्री-स्टैक के अंतर्गत किसान पंजीकरण, डिजिटल क्रॉप सर्वे, पेपरलेस रजिस्ट्रेशन एवं पेपरलेस डिमार्केशन कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा हुई। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि विभाजन मामलों तथा बड़े स्तर की मैपिंग संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए।

# फरीदाबाद में कपड़ा कारखाने में भीषण आग, लाखों का सामान राख

**फरीदाबाद।** पल्ला थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर-बसंतपुर के बीच पुस्ता रोड स्थित एक कपड़ा कारखाने में बुधवार सुबह आग लग गई। आग की चपेट में कारखाने का बड़ा हिस्सा और रखा हुआ कपड़ा जलकर राख हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही पल्ला थाना प्रभारी सत्य प्रकाश अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। नवीन नगर चौकी इंचार्ज राकेश भी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। आग की गंभीरता को देखते हुए फायर ब्रिगेड की कई गाडियों को मौके पर बुलाया गया। फायर कर्मियों ने काफी मेहनत के बाद आग पर धीरे-धीरे काबू पाया। करीब चार घंटे तक आग बुझाने का काम चलता रहा।

# आरटीए विभाग ने ओवरलोडिड वाहनों पर किया जुर्माना: मीणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**सख्ती**

ओवर लोडिड वाहनों की चालकों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा: उपायुक्त

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ओवर लोडिड वाहनों की चालकों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सभी वाहन चालक नियमानुसार ही वाहनों में समान को लोड करें, अगर किसी भी स्तर पर नियमों के विपरीत ओवर लोडिड वाहन पाए गए तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अहम पहलू यह है कि आरटीए विभाग ने अप्रैल-2026 माह में 245 ओवर लोडिड वाहन चालकों से 88 लाख 10 हजार 800 रुपए का जुमार्ना वसूल किया है।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बुधवार को रोड सेफ्टी की मासिक बैठक में जानकारी देते हुए कहा कि आरटीए विभाग की तरफ से लगातार वाहनों की चेकिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए विभाग की तरफ से विशेष टीम का गठन किया गया है, जो दिन-रात ओवरलोडिड वाहनों पर नजर रखती है। इस टीम के प्रयासों से अप्रैल-2026 माह में 245 ओवर लोडिड वाहनों के चालान किए है और इन चालानों से विभाग ने 88 लाख 10 हजार 800 रुपए की राशि का जुमार्ना भी वसूल किया है। उन्होंने कहा कि सडकों पर स्वीकृत लोड से ज्यादा सामान ले जाने वाले वाहनों को किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा। इसलिए विभागीय अधिकारियों द्वारा समय-समय पर वाहन चालकों से अपील की जाती है कि वाहन के लिए स्वीकृत लोड के हिसाब से ही समान रखना सुनिश्चित करे।

उन्होंने कहा कि आरटीए विभाग की तरफ से समय-समय पर लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए वर्कशॉप और सेमिनारों का आयोजन किया जाता है। इन सेमिनार का आयोजन स्कूल और कालेजों में शिक्षा विभाग और कॉलेज प्रशासन के माध्यम से किया जाता है। विभाग की तरफ से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करके ट्रैफिक नियमों की पालना करवाने के प्रति शपथ दिलाई गई है। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों में भी स्लोगन लेखन, क्विज और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन निरंतर किया जाता है।

# जठलाना फायरिंग केस: आरोपी हर्ष ने कांजनू में कराई निशानदेही, बोला- गैंगस्टरों के बहकावे में आकर जिंदगी बर्बाद कर ली

**नितिन सिंगला जगाधरी**

यमुनानगर में पूर्व विधायक दिलबाग सिंह की जठलाना स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री पर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग मामले में पुलिस जांच लगातार तेजी से आगे बढ़ रही है। बुधवार को पुलिस टीम आरोपी शूटर हर्ष को निशानदेही के लिए कांजनू के पास लेकर पहुंची। पुलिस मुठभेड़ में टांग में गोली लगने के कारण हर्ष ठीक से चल नहीं पा रहा था। ऐसे में उसने तपती धूप में करीब 20 मीटर तक जमीन पर घिसटते हुए पुलिस को उन जगहों की निशानदेही कराई, जहां मुठभेड़ की रात वह मौजूद था और जहां से उसने पुलिस पर फायरिंग की थी।



ह्लएक वारदात के बाद जिंदगी सेट करने का लालच दिया गयाह्ल निशानदेही के दौरान आरोपी हर्ष भावुक नजर आया। उसने कहा कि गैंगस्टरों के बहकावे में आकर उसकी जिंदगी बर्बाद हो गई। हर्ष ने बताया कि उसे फायरिंग करने के बदले मोटी रकम देने का लालच दिया गया था। उससे कहा गया था कि एक वारदात के बाद उसकी पूरी जिंदगी सेट हो जाएगी और फिर उसे कभी काम करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

हालांकि अब उसे अपनी गलती का एहसास हो चुका है। हर्ष ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि किसी भी गैंगस्टर या अपराधी के बहकावे में नहीं आना चाहिए। उसने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में घायल होने के बाद वह करीब दो महीने तक अस्पताल में भर्ती रहा, लेकिन उसके घर वालों के अलावा कोई भी उससे मिलने नहीं आया। जिन लोगों ने उसे अपराध के रास्ते पर धकेला था, उन्होंने भी उसकी कोई सुध नहीं ली।

**30 मार्च को हुई थी ताबड़तोड़ फायरिंग**

जांच अधिकारी राजेश ने बताया कि इस मामले में अमन उर्फ काकू, अभिषेक और हर्ष – तीनों निवासी गांव सुनहेड़ी खालसा, कुरुक्षेत्र – मुख्य आरोपी हैं। आरोप है कि तीनों ने विदेश में बैठे गैंगस्टर नेटवर्क से जुड़े कार्तिक पंडित के कहने पर 30 मार्च को पूर्व विधायक दिलबाग सिंह की फैक्ट्री पर फायरिंग की थी। मौके से पुलिस ने आठ गोलियों के खोल बरामद किए थे।

**शिकंजा**

लक्की को भी गिरफ्तार किया जा चुका है, जिस पर शूटरों को हथियार उपलब्ध कराने का आरोप है

घटना के बाद सोशल मीडिया पर गैंगस्टर नोनी राणा और शुभम पंडित ने पोस्ट डालकर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी और इसे चेतावनी बताते हुए धमकियां भी दी थीं। जांच में सामने आया कि आरोपियों को सोशल मीडिया के जरिए गैंगस्टर नेटवर्क से जोड़ा गया था।

**अमन ने पुलिस कस्टडी से भागने के लिए लगाई थी पुल से छलांग**

फायरिंग मामले में सबसे पहले पुलिस ने 8 अप्रैल को अमन उर्फ काकू को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस उसे हथियारों और अन्य सबूतों की बरामदगी के लिए लेकर जा रही थी, तब उसने पुलिस को चकमा देकर खजूरी पुल से छलांग लगा दी थी। पुल से कूदने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।

**10 अप्रैल की रात पुलिस से हुई थी मुठभेड़**

रादौर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि अमन की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को सूचना मिली थी कि हर्ष और अभिषेक किसी नई वारदात को अंजाम देने की तैयारी में हैं। सूचना मिलने पर सीआईए और पुलिस टीमों ने कांजनू के पास नहर की पटरी पर घेराबंदी की। जब आरोपियों को रुकने और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। दोनों तरफ से करीब 14 से 15 राउंड गोलियां चलीं। मुठभेड़ के दौरान एक गोली सीआईए-2 इंचार्ज की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी लगी, लेकिन वह सुरक्षित रहे।

जवाबी कार्रवाई में हर्ष के टांग में गोली लगी, जबकि उसका साथी अभिषेक मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो पिस्टल और एक बाइक भी बरामद की थी। इस मामले में रादौर निवासी लवीश उर्फ लक्की को भी गिरफ्तार किया जा चुका है, जिस पर शूटरों को हथियार उपलब्ध कराने का आरोप है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# विधायक योगेन्द्र राणा ने क्षेत्रवासियों की सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

**निर्देश**

**इस अवसर पर लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं एवं मांगें विधायक योगेन्द्र राणा के समक्ष रखीं।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** असंध विधानसभा क्षेत्र के विधायक योगेन्द्र राणा ने आज असंध अनाज मंडी स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं एवं मांगें विधायक योगेन्द्र राणा के समक्ष रखीं। विधायक योगेन्द्र राणा ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी शिकायतों का शीघ्र एवं प्रभावी निवारण सुनिश्चित किया जाए। विधायक ने कहा कि क्षेत्रवासियों की सेवा करना उनका प्रथम दायित्व है और जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित के कार्यों के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और असंध क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से करवाए जा रहे हैं।

योगेन्द्र राणा ने असंध क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एंव केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दोनों वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन एवं सहयोग से क्षेत्र में विकास को नई गति मिली है तथा आने वाले समय में भी विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

# अगवानपुर गांव के पास पेड़ गिरा, घंटों बाधित रही आवाजाही व खेतों की बिजली आपूर्ति

**अफरा-तफरी**

**कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। सड़क से गुजर रहे वाहन चालकों में अफरा-तफरी मच गई**



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** तेज हवाओं के चलते बुधवार को अगवानपुर गांव के पास पांची जाटान मार्ग पर एक बड़ा पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने से सड़क पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया, वहीं भोगीपुर पावर हाउस से खेतों में ट्यूबवेल चलाने के लिए जा रही बिजली लाइन भी टूट गई। इससे आसपास के गांवों के किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग ने सूचना मिलते ही संबंधित लाइन की बिजली आपूर्ति बंद कर दी। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। घटना के समय सड़क से गुजर रहे वाहन चालकों में अफरा-तफरी मच गई। पेड़ गिरने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को वैकल्पिक रास्तों से होकर गुजरना पड़ा। बाद में विभागीय कर्मचारियों ने सड़क से पेड़ हटाने का कार्य शुरू किया और बिजली निगम के कर्मियों ने क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत की। कई घंटे की मशक्कत के बाद यातायात और बिजली आपूर्ति को सामान्य किया जा सका।

## न्यूज फ्लैश

### अघोषित बिजली कटों से लोग बेहाल, लोगों का आरोप लाइन लास घटा, लेकिन सुविधाएं नहीं बढ़ी

**गन्नौर** । क्षेत्र में लगातार हो रहे अघोषित बिजली कटों ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दिन और रात में लग रहे लंबे कटों के कारण घरों में पंखे और कूलर बंद हो रहे हैं, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी संदीप सिंघल, गौरव जैन, मोहित सैनी, पंकज खन्ना आदि का कहना है कि वे समय पर बिजली बिल का भुगतान करते हैं और क्षेत्र में बिजली चोरी कम होने के कारण लाइन लास भी पहले की अपेक्षा काफी कम हो चुका है, इसके बावजूद बिजली व्यवस्था में सुधार दिखाई नहीं दे रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि हर साल गर्मी के मौसम में बिजली संकट और अघोषित कटों की समस्या बढ़ जाती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जाते। उन्होंने ने बताया कि रात के समय लगने वाले बिजली कट सबसे अधिक परेशान करते हैं। देर रात बिजली जाने से लोगों की नींद खराब हो रही है और छोटे बच्चों व बुजुर्गों को गर्मी में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई बार घंटों तक बिजली बहाल नहीं होने से लोगों में रोष बना हुआ है। बिजली कटों का असर घरेलू कामकाज के साथ-साथ दुकानदारों और छोटे व्यापारियों पर भी पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। लोगों ने बिजली विभाग से मांग की है कि क्षेत्र की बिजली व्यवस्था का स्थायी रूप से सुदृढ़ीकरण किया जाए ताकि गर्मी के मौसम में राहत मिल सके। बिजली निगम के अधिकारियों का कहना है कि सर्दियों की अपेक्षा गर्मी में लोड बढ़ जाता है जिससे फाल्ट भी बढ़ रहे हैं। निगम द्वारा बिजली समस्या से निपटने के लिए शहर में जर्जर तारों को बदलने का काम भी किया जा रहा है। जल्द ही कटों की संख्या कम होगी।

### खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र ने रचा इतिहास

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और वोकल फॉर लोकल व आत्मनिर्भर भारत अभियानों से प्रेरित होकर खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने वित्त वर्ष 2025-26 में प्रदर्शन के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने राजघाट स्थित गांधी दर्शन कार्यालय में वित्त वर्ष 2025-26 के अनंतिम आंकड़े जारी किए।

जारी आंकड़ों के अनुसार खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र का कुल कारोबार पहली बार 1,87,105 करोड़ रुपये के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है। वर्ष 2013-14 की तुलना में बिक्री में 501 प्रतिशत और उत्पादन (1,25,296 करोड़ रुपये) में 380 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले 12 वर्षों में इस क्षेत्र में संयी रोजगार में 56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे अब 2.04 करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है।

खादी वस्त्र और ग्रामोद्योग का विस्तार हुआ है। इसमें बिक्री 2013-14 के 1,081 करोड़ रुपये से 628 प्रतिशत बढकर 7,869 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। ग्रामोद्योग उत्पाद की बिक्री 30,073 करोड़ रुपये से बढकर 1,79,236 करोड़ रुपये हो गई। उन्होंने बताया कि खादी क्षेत्र के करीब 5 लाख कारीगरों में 80 प्रतिशत से अधिक भागीदारी महिलाओं की है। केवीआईसी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी 59 प्रतिशत महिलाएं (47,382) शामिल रहीं। इसके अलावा, पीएमईजीपी के तहत 28,180 महिला उद्यमियों ने नई इकाइयां स्थापित की। कारीगरों का पारिश्रमिक 4 रुपये प्रति हैंक (2013-14) से 275 प्रतिशत बढकर 15 रुपये प्रति हैंक हो गया है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत वित्त वर्ष 2025-26 में 66,494 नई इकाइयां स्थापित की गईं, जिससे 7.31 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला। वहीं, ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत इस वर्ष 37,769 टूलकिट व मशीनें वितरित की गईं। हर घर तिरंगा अभियान के प्रभाव से राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री 0.87 करोड़ रुपये (2013-14) से बढकर 2.35 करोड़ रुपये पहुंच गई है। केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि खादी आज केवल पारंपरिक उत्पाद नहीं, बल्कि ग्रामीण समृद्धि और नये भारत की आत्मनिर्भरता का जीवंत प्रतीक बन चुकी है, जो विकसित भारत-2047 के संकल्प को गति दे रही है।

# मैक्स हॉस्पिटल ने शुरू की बीएमटी और मेडिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत, मई 27, 2026:** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, द्वारका ने आज सोनीपत स्थित सक्सेना मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में विशेष बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन (बीएमटी) और मेडिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की। इन ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, द्वारका के बीएमटी एवं हेमेटो ऑन्कोलॉजी विभाग की सीनियर कंसल्टेंट - डॉ. प्रतिभा धीमान और मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग की सीनियर कंसल्टेंट - डॉ. शाइना गोयल की उपस्थिति में किया गया।





डॉ. शाइना गोयल प्रत्येक माह के चौथे मंगलवार और डॉ. प्रतिभा धीमान प्रत्येक माह के चौथे शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक सक्सेना मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, सोनीपत में मरीजों के लिए प्राथमिक परामर्श और फॉलो-अप सेवाएं उपलब्ध कराएंगी।

मैक्स हेल्थकेयर के बारे में: मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड (मैक्स हेल्थकेयर) भारत के सबसे बड़े हेल्थकेयर ऑर्गनाइजेशंस में से है। नवीनतम टेक्नोलॉजी और अत्याधुनिक शोध के दम पर मैक्स हेल्थकेयर क्लिनिकल एक्सीलेंस एवं पेशेंट केयर के मामले में सर्वोच्च मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कुल 21 अस्पतालों के संचालन (करीब 6,000 बेड) के साथ उत्तर भारत में मैक्स हेल्थकेयर की उल्लेखनीय उपस्थिति है। इसके नेटवर्क में कंपनी एवं उसकी सब्सिडियरीज द्वारा संचालित सभी अस्पताल एवं मेडिकल सेंटर, पार्टनर हेल्थकेयर फैसिलिटीज एवं मैनेज्ड हेल्थकेयर फैसिलिटीज शामिल हैं। इनमें दिल्ली एनसीआर में साकेत (3 हॉस्पिटल), पटपड़गंज, वैशाली, राजेंद्र प्लेस, द्वारका, नोएडा व शालीमार बाग के अत्याधुनिक टर्शरी एवं क्वाटर्नरी केयर हॉस्पिटल्स, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, मोहाली, बठिंडा, देहरादून, भुवनेश्वर के एक-एक हॉस्पिटल, गुरुग्राम के सेकेंडरी केयर हॉस्पिटल और दिल्ली-एनसीआर में नोएडा, लाजपत नगर व पंचशील पार्क के मेडिकल सेंटर और मोहाली, पंजाब का एक मेडिकल सेंटर शामिल है।

# टास्क के नाम पर लाखों की साइबर ठगी करने के मामले में तीन आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**


**करनाल।** थाना साइबर क्राइम की टीम द्वारा एक महिला के साथ ऑनलाइन टास्क पूरा कर रुपये कमाने का लालच देकर लाखों रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में तीन आरोपियों तरुण कुमार पुत्र जैसाराम, अनवर लाल उर्फ अनिल कुमार पुत्र मिठूराम निवासी गांव बीजराड़ जिला बाड़मेर राजस्थान तथा विकास पुत्र पुखराज निवासी संत रविदास नगर थाना बदवारिया जिला जोधपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि पुलिस को दी शिकायत में महिला शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसने इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम संबंधी एक विज्ञापन देखा। विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद उसके पास व्हाट्सएप पर संदेश आया तथा बाद में उसे एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में आरोपियों द्वारा टास्क पूरे कर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा दिया गया।

# चिरस्मी गांव में आग लगने से 12 बिटौड़े जलकर राख

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः** गांव चिरस्मी में अज्ञात कारणों के चलते लगी आग से एक साथ 12 बिटौड़े जलकर राख हो गए।

आग इतनी तेजी से फैली कि एक बिटौड़े से शुरू होकर देखते ही देखते आसपास के अन्य बिटौड़ों को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, अन्यथा कई और बिटौड़े तथा आसपास का सामान इसकी चपेट में आ सकता था। ग्रामीणों के अनुसार सबसे पहले एक बिटौड़े में अचानक आग लगी थी।



तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और पास में बने अन्य बिटौड़ों तक पहुंच गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की लपटें लगातार बढ़ती रहीं। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# बीआर ग्लोबल स्कूल में रक्तदान शिविर में 56 यूनिट रक्त एकत्रित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** खेड़ी रोड स्थित बीआर ग्लोबल स्कूल में बुधवार को भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा के सहयोग से विद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में 56 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। रक्तदान करने वाले युवाओं को स्कूल चेयरमैन एवं शिविर संयोजक राकेश यादव, शाखा अध्यक्ष मंजू शर्मा, प्रवीण सिंघल, सचिव प्रीतम आहूजा ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यार्थियों की





पढ़ाई, व्यवहार और शैक्षणिक प्रगति को लेकर शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच विस्तार से चर्चा हुई। स्कूल की शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल, उपप्रधानाचार्या मंजू सहरावत, शाखा से सुबोध शर्मा, सचिन पहल, मनोज पांचाल, डा. जोगेंद्र शर्मा व करुणदेव सिंह शिविर की व्यवस्थाएं संभाली।

# गांव मालड़ा सराय के सरकारी स्कूल में चौथे दिन भी योग शिविर जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** योगाचार्य शीशराम यादव के सानिध्य में 24 मई से राजकीय माध्यमिक विद्यालय मालड़ा सराय में शुरू हुआ योग शिविर बुधवार को चौथे दिन भी जारी रहा। जिसमें गांव के स्कूली बच्चे, युवा व अधेड़ उम्र के लोग स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। योगाचार्य शीशराम यादव ने कहा कि जिस तरह शरीर को ऊर्जा प्राप्त करने के लिए भोजन की और आत्मा की शुद्धि के लिए भजन करना जरूरी होता है। उसी तरह अच्छा स्वास्थ्य पाने के लिए नियमित योगाभ्यास जरूरी है।

# दो जैन साध्वियों की जघन्य हत्या से खफा जैन समाज सडकों पर

**ज्ञापन**

**रोष मार्च निकालकर डीसी को दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** देश के विभिन्न भागों में जैन साधुओं और साध्वियों पर बढ़ते हमले, विभिन्न हिस्सों में जैन साधुओं साध्वियों के साथ होते हादसों से रोष जदा जैन समाज आज सडकों पर उतरा। हाल ही में मध्यप्रदेश के रीवा में जैन साध्वियों की एक वाहन चालक द्वारा हादसे की आढ़ में की गई जघन्य हत्या के विरोध में जैन समाज में आक्रोश दिखाई दिया। देशभर में जैन समाज में रोष उबल रहा है।



करनाल में आज सकल जैन समाज इकट्ठा हुआ। उन्होंने मिनी सचिवालय तक मार्च निकाला। उसके बाद डीसी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। जैन समाज के इस रोष मार्च में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया।

दिगंबर जैन सोसायटी के प्रधान बीरेश जैन, एसएस जैन सभा हनुमान गली के महामंत्री नवीन जैन, एसएस जैन सभा सैक्टर 14 के पदाधिकारी रमन जैन, प्रो. एससी जैन की अगुवाई में डीसी को ज्ञापन दिया गया।

दिगंबर जैन सोसायटी के प्रधान बीरेश जैन ने कहा कि जैन साधुओं को एक साजिश के तहत निशाना बनाया जा रहा हैं। सरकार दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि रीवा में जान-बूझकर वाहन चालक ने जैन साध्वियों को वाहन से कुचला है। इसमें दो साध्वियों के साथ तीन लोगों की मौत हो गई। एससी जैन ने कहा कि पिछले कुछ सालों में हजारों जैन साध्वी और साध्वियां हादसों का शिकार हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना पर किसी भी राजनेता ने शोक नहीं जताया।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

# ताजेवाला में सीएम फ्लाइंग और विजिलेंस की छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**

ताजेवाला क्षेत्र में पंचायत की जमीन पर अवैध रूप से पत्थरों का बड़ा स्टॉक मिलने के मामले ने हड़कंप मचा दिया है। सीएम फ्लाइंग और विजिलेंस की संयुक्त टीम ने मौके पर छापेमारी कर भारी मात्रा में पत्थरों का स्टॉक बरामद किया, जिसके बाद पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है।

प्रारंभिक जांच में यह मामला अवैध खनन और सरकारी कार्यों में संदिग्ध रूप से पत्थरों के उपयोग से जुड़ा माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि पिछले कई दिनों से इस क्षेत्र में पंचायत भूमि पर पत्थरों के अवैध स्टॉक और खनन को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं।

ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध रूप से निकाले गए पत्थरों को एकत्र कर सिंचाई विभाग के बाढ़ राहत कार्यों में उपयोग किया जा रहा था। कई बार शिकायतें प्रशासन को दी गईं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में रोष व्याप्त था।

शिकायतों के आधार पर पहुंची सीएम फ्लाइंग और विजिलेंस टीम ने पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया। जांच के दौरान टीम को मौके पर बड़ी मात्रा में पत्थरों का स्टॉक मिला, जिसके बाद वीडियोग्राफी और साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू की गई।

# नगरपालिका समाधान शिविर में पैंशन संबंधी समस्या लेकर पहुंचे नगरवासी

**समाधान शिविर**

**शिविर में शहरी निकाय विभाग की ओर से भी कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लाडवा, 27 मई (विजय कौशिक) :** लाडवा नगरपालिका कार्यालय में कल सुबह 10 बजे से 12:30 दोपहर तक पेंशन के लिए मंगलवार को शहर के वार्ड नंबर 1 से 15 तक के बुजुर्गों के लिए विशेष समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बुढ़ापा पैंशन, विधवा पेंशन और विकलांग पैंशन के लिए लगभग 65 प्रार्थी अपनी समस्या लेकर पहुँचे। नपा प्रधान साक्षी खुराना के नेतृत्व में सोशल डिस्टिक वैलफेयर सोसाइटी के सहयोग से लगाया गया। सबसे ज्यादा समस्याएं स्टेट बैंक में पेंशन रुकने के कारण आई जिसमें बैंक व फैमिली आईडी में नाम मिसमैच होने के कारण लगभग 12 से 14 लोग वहां पहुँचे। वार्ड 12 से दर्शना देवी,ज्ञान सिंह, सुखदेव शर्मा, शशि बाला ने कहा कि स्टेट बैंक में नाम मिसमैच के कारण हमारी पेंशन नही मिल रही है।14 लोग फैमिली आईडी में बैंक अकाउंट सत्यापित ना होने के कारण नगरपालिका समाधान शिविर में पहुँचे। वार्ड 12 के ही विजय कुमार, सुनीता, नूरजहाँ ने कहा कि उनकी फैमिली आईडी में बैंक खाता अपडेट करवाने समाधान शिविर में पहुँचे। कुछ लोग वहां पिछली रुकी हुई पेंशन न मिलने से समाधान शिविर में पहुँचे।नगरपालिका की चेयरमैन साक्षी खुराना ने सभी को विश्वास दिलाया कि जल्द ही सभी समस्याओं का निवारण करा दिया जाएगा उनका प्रयास यही रहता है कि उनके शहरवासी परेशान इधर उधर न घूमे उनका नगरपालिका कार्यालय में सभी काम हो सके। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का प्रयास है कि शहर के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के मिल सके। शिविर में शहरी निकाय विभाग की ओर से भी कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

नगर पार्षद हन्नी शर्मा ने कहा कि नाम में सुधार का ऑप्शन एडीसी लेवल पर किया ताकि समस्या का समाधान जिला स्तर पर हो सके। अभी यह सुधार केवल हेड ऑफिस पंचकूला के अधीन है जिससे लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है।

पार्षद हन्नी शर्मा ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि आगे इस तरह के शिविर में एडीसी तक के अधिकारियों को बुलाना सुनिश्चित करें ताकि मौके पर ही लोगों की समस्या का समाधान किया जा सके।

# पटाखे छोड़ने वाली बुलेट पर ट्रैफिक पुलिस की सख्ती, जनवरी से अब तक 22 चालान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** जीटी रोड ट्रैफिक यूनिट गन्नौर द्वारा अवैध रूप से माडिफाइड साइलेंसर लगाकर पटाखे छोड़ने वाली बुलेट बाइकों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ट्रैफिक यूनिट प्रभारी सोहन लाल के नेतृत्व में जनवरी माह से अब तक 22 बुलेट चालकों के चालान किए जा चुके हैं। इन वाहन चालकों पर लाखों रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार कुछ युवक बुलेट बाइकों में अवैध रूप से माडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज में पटाखे छोड़ते हैं, जिससे आमजन को परेशानी होती है और सड़क हादसों का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को भी ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक बुलेट बाइक का चालान किया। जांच के दौरान पकड़ी जाने वाली प्रत्येक बुलेट बाइक का 30 हजार से 35 हजार रुपये तक का चालान किया जा रहा है। ट्रैफिक प्रभारी सोहन लाल ने युवाओं से अपील की कि वे अपने वाहनों में अवैध माडिफिकेशन न करवाएं और यातायात नियमों का पालन करें।



# पंडित नेहरू की दूरदर्शी सोच ने देश को दुनिया की एक प्रमुख आधुनिक शक्ति बनाया: यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय, राजीव भवन में आधुनिक भारत के निमार्ता और देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी 62वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की।
इससे पहले सुबह देवेंद्र यादव ने राजघाट स्थित शांति वन में पंडित नेहरू की समाधि पर भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। देवेंद्र यादव



के अलावा, राजीव भवन में पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा सिंह, जगजीवन शर्मा, अधिवक्ता सुनील कुमार, धर्मपाल चंदेला, कमल कांत शर्मा, डॉ. पी.के. मिश्रा, गौरी शंकर शर्मा, दीपक भारद्वाज, जे.पी. राणा, प्रमोद जयंत, कांग्रेस की नेता प्रतिपक्ष नाजी दानिश, सेवा दल के दिल्ली प्रमुख सुनील कुमार, सरदार पी.एस. बावा, जय प्रकाश, नरेश शर्मा नीतू, राहुल डबला, दिनेश्वर त्यागी तथा कई अन्य नेता और कार्यकर्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शाहबाद डेयरी में विकास कार्यों को मिल रही गति, सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बुधवार को शाहबाद डेयरी के सी-ब्लॉक, सुनहरी चौक तथा लाला स्कूल रोड, शाहबाद डेयरी, बवाना में सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।
उन्होंने बताया कि उक्त विकास कार्य मुख्यमंत्री विकास निधि के अंतर्गत कराए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना तथा नागरिकों को बेहतर आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराना है। इस अवसर



पर मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि शाहबाद डेयरी क्षेत्र में लंबे समय से सड़कों और नालियों की स्थिति अत्यंत खराब थी, जिसके कारण लोगों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि बवाना विधानसभा के अंतर्गत सभी क्षेत्रों में विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं तथा जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शाहबाद में कोई भी ऐसा ब्लॉक नहीं छोड़ा जाएगा जहां पीने के पानी की समस्या बनी रहे। जिन क्षेत्रों में अब तक पानी की पाइपलाइन नहीं पहुंची है, वहां नई पाइपलाइन डालने का कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

# आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र: केवल पार्क में गूंजा 'सिया-राम' विवाह का प्रसंग, भजनों पर झूमे श्रद्धालु









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के केवल पार्क स्थित जनता भवन धर्मशाला में इन दिनों भक्ति की बयार बह रही है। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर यहाँ आयोजित 30 दिवसीय संगीतमय मासपारायण रामायण पाठ में सैकड़ों की संख्या में राम भक्त पहुँचकर धर्म लाभ उठा रहे हैं। प्रभु राम जी की कृपा से पूरा परिसर इस समय एक दिव्य मंदिर का रूप धारण कर चुका है, जहाँ प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से ही धर्मप्रेमी महिला व पुरुष रामायण पाठ का रसपान करने पहुँच रहे हैं।

**भक्ति और उल्लास के साथ मना विवाह उत्सव**
कार्यक्रम के संयोजक महंत अनिल शर्मा और मार्गदर्शक अशोक गर्ग ने बताया कि पाठ के 11वें दिन आज व्यासपीठ से आचार्य राजवीर शास्त्री जी के मुखारविंद से श्री राम-सीता विवाह का अत्यंत सुंदर प्रसंग सुनाया गया। विवाह प्रसंग के दौरान पूरा पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा।
श्रद्धालुओं ने नाच-गाकर प्रभु राम और माता सीता के विवाह की खुशियाँ मनाईं।

**बढ़ रही है भक्तों की संख्या, गणमान्य लोग हो रहे सम्मानित**
संस्था के उपप्रधान महावीर गर्ग, सुनील गर्ग, अमरनाथ कंसल, सचिव कैलाश गोयल, सलाहकार योगेश बंसल व संजीव अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि दिन-ब-दिन पाठ में आने वाले भक्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इतने बड़े और भव्य आयोजन में समस्त केंद्र के पदाधिकारी रोजाना पाठ में आने वाले क्षेत्र के गणमान्य लोगों, समाजसेवियों और सहयोगियों को पटका पहनाकर सम्मानित करते हैं।

**युवा टीम संभाल रही व्यवस्था, 500 भक्तों को मिला 'भांजी प्रसाद'**
सचिव अमित विनोद तायल ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए युवा टीम का हर सदस्य पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ व्यवस्थाओं में जुटा हुआ है। 30 दिनों तक चलने वाले इस संगीतमय पाठ में आने वाले हर एक भक्त के बैठने और प्रसाद वितरण की जिम्मेदारी युवा बेहद शालीनता से संभाल रहे हैं।
आज श्री राम-सीता विवाह के शुभ अवसर पर पाठ में आए 500 से अधिक राम भक्तों को सतपाल यादव व सुमित यादव की तरफ से 'भांजी प्रसाद' वितरित किया गया।

# जहाँगीर पुरी में पानी की गंभीर समस्या, लोगों में भारी रोष: एम एल भास्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** रोहिणी जिला कांग्रेस कमेटी एससी/एसटी सेल के अध्यक्ष एम एल भास्कर ने जहाँगीर पुरी क्षेत्र में लगातार बिगड़ रही पानी की समस्या को लेकर दिल्ली सरकार और जल बोर्ड पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में जहाँगीर पुरी के कई ब्लॉकों में पानी की सप्लाई पूरी तरह बाधित हो रही है और जहां पानी आ भी रहा है वहाँ गंदा एवं दूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है, जिससे लोगों का जीवन दूभर हो गया है। एम एल भास्कर ने बताया कि आई एवं जे ब्लॉक सहित आस-पास की



कॉलोनियों में लोग कई दिनों से पानी की भारी किल्लत झेल रहे हैं। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को पानी के लिए घंटों परेशान होना पड़ रहा है। गंदे पानी की वजह से बीमारियों का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय जनता लगातार शिकायतें कर रही है लेकिन संबंधित विभाग और अधिकारी समस्या के समाधान की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।
दिल्ली सरकार और जल बोर्ड की लापरवाही के कारण आम जनता को पानी खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है। एम एल भास्कर ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही जहाँगीर पुरी में स्वच्छ पानी की नियमित सप्लाई बहाल नहीं की गई तो क्षेत्रीय जनता के साथ मिलकर बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

# जहांगीरपुरी के-ब्लॉक में नई सड़क का उद्घाटन, स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के भलस्वा वार्ड (वार्ड संख्या-17) के अंतर्गत आने वाले जहांगीरपुरी के-ब्लॉक में विकास कार्यों को गति देते हुए एक नई सड़क का भव्य उद्घाटन किया गया।
बादली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अजेश यादव के कुशल मार्गदर्शन और क्षेत्र के लोकप्रिय निगम पार्षद अजीत यादव के अथक प्रयासों से के-ब्लॉक स्थित '1500 वाली गली' की नई सड़क का निर्माण कार्य पूरा कर इसे जनता को समर्पित किया गया है। इस नई सड़क के बन जाने से स्थानीय निवासियों को पिछले काफी समय से हो रही आवागमन की समस्याओं और जलभराव के संकट से बड़ी राहत मिलेगी।





उद्घाटन के अवसर पर स्थानीय लोगों ने निगम पार्षद और पूर्व विधायक का आभार व्यक्त किया।

**गणमान्य लोगों और कार्यकर्ताओं की रही गरिमामयी उपस्थिति**
सड़क उद्घाटन के इस शुभ अवसर पर मुख्य रूप से वार्ड अध्यक्ष शेखर सोनकर, आरडब्ल्यूए के प्रधान मुकेश गर्ग, लालसिंह, बलवीर चौहान, तबरेज भाई, सतीश भाई, हैप्पी भाई, मनीष, नवीन यादव सहित भारी संख्या में स्थानीय निवासी और जागरूक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**क्षेत्र के विकास के लिए पार्षद अजीत यादव ने दोहराया संकल्प**
इस मौके पर उपस्थित प्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।
पार्षद अजीत यादव के प्रयासों की सराहना करते हुए आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने कहा कि वार्ड 17 के हर ब्लॉक में मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने का काम तेजी से चल रहा है।
इस दौरान कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर सड़क निर्माण की बधाई दी।

# नरेला के विधायक राजकरण खत्री ने पंजाबी कॉलोनी में नई सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नरेला विधानसभा क्षेत्र के निवासियों को मूलभूत नागरिक सुविधाओं की एक और बड़ी सौगात मिली है।
क्षेत्र के लोकप्रिय स्थानीय विधायक राजकरण खत्री ने पंजाबी कॉलोनी में नई गली व सड़क निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन कर कार्य का शुभारंभ किया।
इस विकास कार्य की शुरूआत होने से स्थानीय निवासियों में भारी उत्साह का माहौल है। उद्घाटन के इस विशेष अवसर पर भारी संख्या में कॉलोनीवासी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ कार्यकर्ता और सांगठनिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में निरंतर जारी हैं विकास कार्य: विधायक**






उद्घाटन समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक राजकरण खत्री ने कहा कि दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं उत्तर-पश्चिम दिल्ली के लोकप्रिय सांसद योगेंद्र चंदौलिया के कुशल सहयोग और मार्गदर्शन में नरेला विधानसभा में विकास कार्य निरंतर तीव्र गति से आगे बढ़ रहे हैं।
क्षेत्र के सुनियोजित विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए विधायक ने कहा कि हमारा संकल्प है कि क्षेत्र की प्रत्येक कॉलोनी को बेहतर सड़क, स्वच्छ वातावरण एवं मजबूत मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा जाए। जनता का विश्वास और सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, जिसके बल पर हम नरेला को एक आदर्श विधानसभा बनाने के लिए दिन-रात प्रयासरत हैं।

**वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों की रही गरिमामयी उपस्थिति**
इस विकास कार्य के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और सांगठनिक पदाधिकारी मौजूद रहे।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष सुरेश खत्री, महामंत्री राकेश अमरोही एवं पंकज गुप्ता, मंडल पदाधिकारी सुनील कुमार एवं रजनीश खत्री उपस्थित रहे। इनके साथ ही पूर्व निगम पार्षद सविता नरेश खत्री, भाजपा पदाधिकारी अशोक अमरोही और वरिष्ठ विचारक व मार्गदर्शक रामफल आर्य ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

**स्थानीय निवासियों में हर्ष, नेतृत्व का जताया आभार**
पंजाबी कॉलोनी में सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से स्थानीय निवासियों ने बड़ी राहत की सांस ली है।
क्षेत्रवासियों ने विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों का फूलों के हार पहनाकर स्वागत किया और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सड़क के पक्का बनने से बारिश के दिनों में होने वाले जलजमाव और आवागमन की समस्या से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी।

# सेवा कार्यों में स्वार्थ की भावना का कोई स्थान नहीं: ननवा प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राजधानी** दिल्ली के जाने-माने समाजसेवी ननवा प्रधान ने समाज के सक्षम और प्रबुद्ध लोगों से एक महत्वपूर्ण अपील की है। उन्होंने कहा कि आज के समय में सभी को गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए बढ़-चढ़कर आगे आना चाहिए, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े किसी भी व्यक्ति को बुनियादी जरूरतों के लिए परेशान न होना पड़े।
राजधानी दिल्ली के समाजसेवी ननवा प्रधान ने सेवा की असली



परिभाषा पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि सच्ची सेवा वही है जो बिना किसी निजी हित के की जाए। सभी को निःस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करनी चाहिए। सेवा के अंदर किसी भी प्रकार की स्वार्थ की भावना नहीं होनी चाहिए, क्योंकि निस्वार्थ भाव से की गई मदद ही समाज में वास्तविक बदलाव ला सकती है। उन्होंने युवाओं और स्थानीय संगठनों से भी अपील की कि वे अपने-अपने स्तर पर कमजोर वर्गों की पहचान कर उनकी हर संभव सहायता करने का संकल्प लें।

# दिल्ली में एसआईआर प्रक्रिया 20 जून से होगी शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली निर्वाचन आयोग ने बुधवार को राजधानी दिल्ली में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की। दिल्ली में एसआईआर की प्रक्रिया 20 जून से शुरू हो रही है और 7 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची जारी होने के साथ संपन्न होगा। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में राजधानी में एसआईआर की प्रक्रिया 20 जून से शुरू करने की घोषणा की।
उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया की शुरूआत 20 जून को अधिकारियों की प्रशिक्षण के साथ शुरू होगी। यह प्रशिक्षण 29 जून




तक चलेगा। इसके बाद बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) 30 जून से 29 जुलाई तक घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त को निर्वाचन कार्यालय मतदाता सूची का 'ड्राफ्ट' प्रकाशित करेगा, जिस पर 4 सितंबर तक दिल्ली वाले अपनी शिकायत दे सकेंगे और कोई त्रुटि हो तो उसे सुधारने के आवेदन दे सकेंगे। अंतिम मतदाता सूची 7 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।
मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि 'दिल्ली में घनी आबादी और लगातार पलायन के कारण सूची का अपडेट जरूरी है। इससे नए लोगों को जोड़ने और जो अब दिल्ली में नहीं रहते, उनका नाम हटाने में मदद मिलेगी।

# भागवत कथा से मिलती है निष्काम भाव से कर्मपथ पर चलने की प्रेरणा: देवेंद्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अधिमास (पुरुषोत्तम मास) के पावन अवसर पर बुराड़ी के प्रसिद्ध समाजसेवी और करावल नगर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज एवं उनके परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का भव्य समापन हुआ।
कथा के अंतिम दिन दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने पंडाल में पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद लिया और व्यासपीठ को नमन किया।
इस धार्मिक आयोजन में देवेंद्र यादव के साथ पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, रोमेस सब्बरवाल, डॉ. पी.के. मिश्रा, प्रमोद जयंत और नरेश राणा जैसे वरिष्ठ नेताओं ने



भी शिरकत की। सभी नेताओं ने कथा ज्ञान रस का आनंद लिया और वहां उपस्थित श्रद्धालुओं से जीवन को सुगम व सार्थक बनाने के लिए प्रभु कथा से सीख लेने का आह्वान किया।

**राहुल गांधी की न्याय यात्रा में दिखती है कृष्ण की प्रेरणा: प्रदेश अध्यक्ष**
श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से हमें निष्काम भाव से कर्मपथ पर चलने की जो प्रेरणा मिलती है, वह बेमिसाल है। उन्होंने इसे मौजूदा राजनीतिक परिप्रेक्ष्य से जोड़ते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।
देवेंद्र यादव ने कहा कि जिस प्रकार भगवान श्री कृष्ण ने बालरूप में ग्वाल-बालों के साथ रहकर उनकी पीड़ाओं को समझा और कभी कालिया नाग का दमन कर तो कभी गोवर्धन पर्वत उठाकर उनकी समस्याओं को दूर किया और जैसे उन्होंने पांडवों को न्याय दिलवाकर महाभारत का विजेता बनाया, ठीक उसी तरह हमारे नेता राहुल गांधी भी देश के पीड़ितों, वंचितों, गरीबों और जरूरतमंदों की आवाज बनकर उन्हें न्याय दिलाने का काम कर रहे हैं।

**गीता के कर्मयोग पर चलती है कांग्रेस**
उन्होंने आगे कहा कि हमारे राष्ट्रपिता और सबके आदर्श महात्मा गांधी ने भी गीता सार को अपने जीवन में उतारा था। उन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को गुलामी की जंजीरों से आजादी दिलाई।

# अम्बाला की बेटियों ने रचा इतिहास, सीबीएसई बोर्ड में मॉडल संस्कृति स्कूलों का प्रदेशभर में परचम

## 12वीं में अनहद कौर बनीं प्रदेश की टॉपर, 10वीं में वृंदा ने हासिल किया दूसरा स्थान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अम्बाला जिले की छात्राओं ने इस वर्ष की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेशभर में सरकारी विद्यालयों का गौरव बढ़ाया है। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नन्योला की छात्रा अनहद कौर अंटाल ने 12वीं कक्षा के नॉन मेडिकल संकाय में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश के 468 राजकीय मॉडल संस्कृति एवं पीएम श्री विद्यालयों में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, शहजादपुर की छात्रा वृंदा ने 10वीं कक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेशभर के सभी मॉडल संस्कृति और पीएम श्री स्कूलों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार सीबीएसई बोर्ड की दोनों कक्षाओं के परिणाम में जिले की छात्राओं ने झंडे गाड़ दिए हैं। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। पंचकूला स्थित शिक्षा सदन में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में प्रदेश के शिक्षा मंत्री श्री महिपाल ढांढा ने अनहद कौर को 11 हजार रुपये तथा



वृंदा को 8100 रुपये की नगद राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर दोनों छात्राओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें प्रदेश की अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा बताया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी अम्बाला श्री सुधीर कालड़ा ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अनहद कौर को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मॉडल संस्कृति एवं पीएम श्री विद्यालयों की स्थापना का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना था, जिसे अम्बाला के विद्यालयों ने सार्थक सिद्ध किया है। उन्होंने विद्यालय प्रमुख लोकेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह तथा समस्त स्टाफ को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

अनहद कौर ने बताया कि वह इंग्लैंड के मैनचेस्टर विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस में स्नातक करने जा रही हैं। उनके माता-पिता नवप्रीत कौर और कंवरजीत सिंह ने कहा कि लोगों को सरकारी स्कूलों के प्रति अपनी भ्रांतियां दूर करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज सरकारी विद्यालयों में उत्कृष्ट आधारभूत सुविधाओं के साथ शिक्षकों का सकारात्मक मार्गदर्शन और प्रतियोगी माहौल उपलब्ध है। यही कारण है कि उनकी बेटी ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

## युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रजत परोचा, युवाओं को संगठित करने पर रहेगा फोकस

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) के 62वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय अधिवेशन के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में संगठन ने युवा नेतृत्व को मजबूत करते हुए वीर रजत परोचा को युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। इस घोषणा के बाद समाज के युवाओं एवं पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में देशभर से पहुंचे प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और संगठन पदाधिकारियों ने भाग लिया।
नवनियुक्त युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रजत परोचा ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य समाज के युवाओं को एक मंच पर जोड़ना, उनमें सामाजिक जागरूकता बढ़ाना तथा



संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना रहेगा। रजत परोचा ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं की भागीदारी किसी भी सामाजिक संगठन की सबसे बड़ी ताकत होती है। भावाधस द्वारा युवाओं को नेतृत्व में आगे लाने का निर्णय समाज को नई दिशा देने वाला साबित होगा। उन्होंने राष्ट्रीय सर्वोच्च निदेशक विरोतम रमलाल कल्याण एवं राष्ट्रीय मुख्य संचालक वीरेश नरेश धामान का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में नई टीम समाजहित में प्रभावी कार्य करेगी।

**न्यूज फ्लैश**

## यमुनानगर में पहली बार कष्ट निवारण समिति की बैठक लेंगे अनिल विज, 29 मई को सुनेंगे जनता की समस्याएं

**नितिन सिंगला जगाधरी**
यमुनानगर में हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज पहली बार जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक 29 मई 2026 को दोपहर 12:15 बजे जगाधरी स्थित महाराजा अग्रसेन कॉलेज के सभागार में आयोजित की जाएगी।



उपायुक्त प्रीति ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित शिकायतों और जनसमस्याओं पर सुनवाई की जाएगी तथा मौके पर ही उनके समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।
उपायुक्त ने जिले के सभी विभागाध्यक्षों और समिति के गैर-सरकारी सदस्यों को निर्धारित तिथि और समय पर बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। बैठक को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां तेज कर दी गई हैं।
गौरतलब है कि मंत्री अनिल विज के विभाग संभालने के बाद यमुनानगर में यह उनकी पहली जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक होगी। ऐसे में जिले के लोगों और अधिकारियों की नजरें इस बैठक पर टिकी हुई हैं, जहां कई महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा और निर्णय होने की संभावना है।

## जसपाल सिंह गिल ने सभांला छछरौली एसडीएम पद का कार्यभार



**नितिन सिंगला जगाधरी**
हरियाणा सिविल सेवा 2019 बैच के अधिकारी जसपाल सिंह गिल ने बुधवार को व्यासपुर से स्थानांतरण होने के उपरांत छछरौली के एसडीएम पद का कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया, जहां सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।
एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने कहा कि वे सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।
उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार एवं वीरवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविरों में आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा तथा संबंधित विभागों के माध्यम से उनका शीघ्र समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनहित के कार्यों में गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए।

## ब्राह्मण महासंघ हरियाणा की जनरल बैठक पानीपत में होगी 5 जून को

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 27 मई (बिजेंद्र सिंह)।** ब्राह्मण महासंघ हरियाणा द्वारा संगठन को मजबूत करने एवं समाज हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के उद्देश्य से आगामी 7 जून को एक पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक पानीपत के वधावा राम कॉलोनी स्थित भगवान परशुराम मंदिर में प्रातः 10 बजे शुरू होगी। बैठक को लेकर ब्राह्मण महासंघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम लगातार गांवों व कालोनियों का दौरा कर पदाधिकारियों को आमंत्रित कर रहे हैं। इसी क्रम में वह गांव जलालपुर प्रथम पहुंचे, जहां जिला उपाध्यक्ष मास्टर राजेश शर्मा के निवास स्थान पर बैठक आयोजित की गई। प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम ने उपस्थित पदाधिकारियों को 7 जून को आयोजित होने वाली बैठक का निमंत्रण देते हुए कहा कि संगठन को गांव, वार्ड और ब्लॉक स्तर तक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण है। बैठक में संगठन के विस्तार, नए पदाधिकारियों के सम्मान समारोह, पानीपत शहरी एवं जिला ग्रामीण प्रधान पदों को लेकर चर्चा तथा समाज के उत्थान व भविष्य में किए जाने वाले सामाजिक कार्यों की रूपरेखा पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा।

## योग जागरूकता कार्यक्रमों का किया जा रहा है आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि आयुष हरियाणा के दिशा-निर्देशन तथा प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में जिलेभर में आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविरों एवं योग जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के साथ-साथ योग एवं आयुर्वेद अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।
जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पीएचसी खानपुर कोलियां द्वारा गांव खानपुर



कोलियां में ,आयुष्मान आरोग्य मंदिर सारसा द्वारा ग्राम पंचायत पिंडारसी के शिव मंदिर ,जीएडी लुखी द्वारा गुरुद्वारा हसनपुरा में एवं कलाल माजरा में एएमओ डॉ. मनप्रीत गहलावत, एएमओ डॉ. अनामिका, एएमओ डॉ. आकृति एवं डॉ संतोष ने स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। इस शिविर में 185 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें औषधियां वितरित की गईं। शिविर में लोगों को दिनचर्या, ऋतुचर्या एवं योग के लाभों के बारे में जानकारी दी गई। इस शिविर में आमजन को टीबी रोग के प्रति जागरूक भी किया गया।

उन्होंने कहा कि 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष्मान आरोग्य मंदिर डबखेड़ा में योग प्रोटोकॉल अभ्यास एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आशा वर्कर्स, एएनएम, सीएचओ एवं यारा क्षेत्र के लोगों को डॉ. संदीप गुप्ता एवं योग आचार्य दीपक योगी द्वारा योग, आयुर्वेदिक डाइट प्लान, दिनचर्या एवं योग प्रोटोकॉल-2026 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही टीबी बीमारी के प्रति जागरूक किया गया तथा ज्योतिसर स्थित महाभारत अनुभव केंद्र के भ्रमण एवं सांस्कृतिक-शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया।

## झिंवरहेड़ी गांव में भूसे की अवैध बिक्री पर मार्केट कमेटी की कार्रवाई

**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर।** ओमैक्स सिटी, जगाधरी के सामने स्थित झिंवरहेड़ी गांव में भूसे एवं ड्राई फॉडर (भूसा) की अवैध बिक्री की सूचना पर मार्केट कमेटी यमुनानगर ने तुरंत कार्रवाई की। जांच के दौरान पाया गया कि ठेकेदार रामकुमार पुत्र बनारसी दास, निवासी मेहलावाली द्वारा बिना मार्केट फीस एवं एचआरडीएफ जमा करवाए सीधे तौर पर भूसे की बिक्री की जा रही थी।सूचना मिलते ही सचिव मार्केट कमेटी यमुनानगर मोहित



बेरी, मंडी सुपरवाइजर यशपाल राणा और सब इंस्पेक्टर सुमित कुमार मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई गई।
मार्केट कमेटी अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई भूसे की अवैध बिक्री, मार्केट फीस की चोरी रोकने तथा मंडी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है।अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## उद्घघोषित अपराधी गिरफ्तार

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम के अंतर्गत चौकी भागल पुलिस प्रभारी एएसआई अमरजीत सिंह की अगुवाई में एएसआई जसपाल सिंह द्वारा चेक बाउंस मामले में पीओ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एएसआई जसपाल की टीम द्वारा आरोपी गांव भागल निवासी रमेश उर्फ रिंकू को गिरफ्तार किया गया। जो वर्ष 2015 दौरान चेक बाउंस मामले में माननीय अदालत द्वारा 18 अक्टूबर 2016 को पीओ घोषित किया गया था।

## कलेसर विश्राम के नीचे खैर की बेली को निशाना बना रहे हैं खैर माफिया, विभाग मौन



**नितिन सिंगला जगाधरी**
प्रताप नगर, वन रेंज कलेसर के अंतर्गत आने वाली खैर बेली, जो की गांव की शामलात जमीन है को लक्कड़ माफिया ने पूरी तरह से साफ कर दिया है। कभी हरा भरा जंगल विश्राम गृह में आने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होता था लेकिन वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिली भगत के चलते आज सारा जंगल साफ हो गया है। वनरक्षा आंदोलन के महासचिव बलवीर चौधरी कलेसर ने बताया कि उनकी संस्था वनों को बचाने के लिए सन 1980 से काम कर रही है। रेस्ट हाउस कलेसर विश्राम गृह के सामने बेली में बड़े पैमाने पर खैर के पेड़ों का कटान हुआ है हालांकि हाल ही में पीसीसीएफ हरियाणा ने यहां का दौरा भी किया था लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ भी नहीं है। उन्होंने इसकी शिकायत वन विभाग के आला अधिकारियों से की तो पेड़ काटने वाले व वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाए फॉरेस्ट अधिकारी गूगल मैप में इसको यूपी का एरिया बता देते हैं जबकि रेवेन्यू की पैमाइश में यह हरियाणा का रकबा पड़ता है। खसरा नंबर 210 है फॉरेस्ट में नोटिफाइड एरिया है, यह बहुत घना जंगल था जो कि आज नाम मात्र पेड़ ही दिखाई देते हैं। बलबीर सिंह ने बताया कि अगर यह एरिया यूपी है तो वन विभाग कलेसर ने यहां पौधारोपण क्यों करवाया था।
हालांकि हाल ही में दौरे के दौरान पीसीसीएफ हरियाणा ने एक वन गार्ड ताराचंद को सस्पेंड किया था। वन रक्षा आंदोलन के महासचिव चौधरी बलबीर सिंह कलेसर ने बताया कि अगर समय रहते जंगलों को नही बचाया गया तो आने वाले समय में सांस लेना भी मुश्किल हो जाएगा। बलवीर चौधरी ने बताया की विभाग व सरकार को गुमराह करने वाले वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए ताकि खैर समेत अन्य बेश कीमती पेड़ों को कटने से बचाया जा सके। क्योंकि वन विभाग की नाक के नीचे बेली से खैर कट रहा है और विभाग इसको यूपी का एरिया बता रहा है। ऐसे में रक्षक ही रक्षक बने वाली कहावत यहां चरितार्थ हो रही है। डीएफओ यमुनानगर व रेंज अधिकारी इस पर कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे हैं हालांकि वन रेंज अधिकारी राजीव कंबोज का कहना है कि विभाग व एसआईटी की तरफ से जांच हुई रिपोर्ट गठित टीम के पास है।

## पानीपत शुगर मिल के कर्मचारियों ने मिल के मैन गेट के पास लगाई मीठे पानी की छबील

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 27 मई (बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत शुगर मिल के कर्मचारियों ने भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए शुगर मिल के मैन गेट के सामने मीठे पानी की छबील लगाई गई। छबील लगाने में गार्डिनिंग सुपरवाईजर विजेंद्र मलिक, वीरेन्द्र राणा, सुधीर कुमार, नफे सिंह, संदीप, पवन कुमार, अनिल कुमार, गुलशन, अंग्रेज, हरिपाल, रामेश्वर, देवदत्त व राकेश जैन सहित अन्य सभी



कर्मचारियों ने सहयोग किया। इस दौरान शुगर मिल के कर्मचारियों ने सुबह 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक आने-जाने वाले राहगीरों को मीठा एवं ठंडा पानी पिलाया गया।
गार्डिनिंग सुपरवाईजर विजेंद्र मलिक ने बताया कि एसडीएम इसराना एवं शुगर मिल के एमडी नवदीप सिंह नैन के मार्ग दर्शन में शुगर मिल के सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने संयुक्त रूप से आर्थिक रूप से सहयोग करके मीठे पानी की छबील लगाई गई। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में लोगों को पानी पिलाना पुण्य का कार्य है।

## यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर एंटी नारकोटिक सेल की बड़ी कार्रवाई

### 3600 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल समेत दो कार सवार गिरफ्तार, मेडिकल स्टोर संचालक व खरीदार भी दबोचे

**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर।** पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में जिला की एंटी नारकोटिक सेल लगातार नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने यूपी-हरियाणा कलानौर बॉर्डर पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑल्टो कार सवार दो युवकों को 3600 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल (ट्रामाडोल सस्पास मोर) सहित गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने मुख्य सप्लायर और कैप्सूल खरीदने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी रजत गुलिया ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि एंटी



नारकोटिक सेल के इंचार्ज अनिल कुमार की टीम को सूचना मिली थी कि दो युवक यूपी से नशीले प्रतिबंधित कैप्सूल लेकर यमुनानगर आने वाले हैं। सूचना के आधार पर उप निरीक्षक आशीष कुमार, एएसआई राजिंदर सिंह, अमित, पंकज और सुल्तान की टीम का गठन किया गया और कलानौर बॉर्डर पर वाहनों की जांच शुरू कर दी गई।
जांच के दौरान एक ऑल्टो कार को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से 3600 प्रतिबंधित ट्रामाडोल सस्पास मोर कैप्सूल बरामद हुए। पुलिस के अनुसार इन कैप्सूल पर सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है और बरामद दवाइयों की कीमत करीब 45 हजार रुपये बताई जा रही है।
पुलिस ने कार सवार आरोपियों की पहचान गांव टेही जाट्टान निवासी सूरजभान उर्फ सूरज और रोहित उर्फ टिड्डु के रूप में की है। आरोपियों के खिलाफ थाना यमुनानगर सदर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे ये प्रतिबंधित दवाइयां चिलकाना निवासी अनस मलिक से लेकर आते थे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी अनस मलिक को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी का मेडिकल स्टोर है और वह डी-फार्मा धारक है।
जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ये प्रतिबंधित दवाइयां प्रोफेसर कॉलोनी निवासी सर्वजीत को सप्लाई करने जा रहे थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सर्वजीत को भी गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी रजत गुलिया ने बताया कि फिलहाल चारों आरोपियों से पूछताछ जारी है और सभी आरोपी पुलिस रिमांड पर लिया।

## स्कूल एजुकेशन ऑफिसर एसो. पानीपत के सर्वसम्मति से प्रधान बने सुनील कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 27 मई (बिजेंद्र सिंह)।** शिक्षा विभाग हरियाणा स्कूल एजुकेशन ऑफिसर एसोसिएशन पानीपत के चुनाव में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डाडोला के प्रधानाचार्य सुनील कुमार मलिक को सर्वसम्मति से जिला प्रधान चुना गया है। चुनाव में ऑब्जर्वर के रूप में राज्य की तरफ से डीईओ रेवाड़ी बिजेंद्र हुड्डा उपस्थित रहे। चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी के तौर पर बिक्रम सहरावत और सुरेश देशवाल ने चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न करवाई। जिला स्तरीय बैठक में पानीपत जिला के शिक्षा अधिकारी



और प्राचार्यगण ने भाग लिया और विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से सुनील कुमार मलिक के नाम पर सहमति बनी। हरियाणा स्कूल एजुकेशन ऑफि सर एसोशिएशन के नव नियुक्त प्रधान सुनील कुमार मलिक ने बताया कि जिस प्रकार सास्त एजुकेशन ऑफि सर्ज में आपसी समन्वय और सहयोग रहा है, वह सराहनीय है। एसोसिएशन की गरिमा और सम्मान को लेकर ना केवल हम सभी को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है बल्कि हमें अपने कार्य को पूर्ण ईमानदारी से निभाने का संकल्प भी लेना होगा।

# योगी सरकार का डिजिटल विजन तेज रफ्तार पर, प्रोजेक्ट गंगा जल्द होगा लाइव

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से डिजिटल आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट गंगा अब जल्द लाइव होने जा रहा है। सरकार की ओर से परियोजना से जुड़े लगभग सभी प्रमुख माइलस्टोन पूरे कर लिए गए हैं और अब इसे जमीनी स्तर पर लागू करने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। प्रोजेक्ट गंगा का उद्देश्य गांवों और छोटे शहरों तक आधुनिक डिजिटल सेवाओं को पहुंचाना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र भी हाई स्पीड इंटरनेट और नई तकनीकों से सीधे जुड़ सकें। परियोजना के तहत ग्रामीण इलाकों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, फ्री पब्लिक वाई-फाई, साइबर सिक्योरिटी, आईपीटीवी और डिजिटल सेवाओं का बड़ा नेटवर्क तैयार किया जाएगा।



**जुलाई 2025 से शुरू हुआ था मिशन**

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कप्रोजेक्ट गंगा की शुरूआत जुलाई 2025 में प्रारंभिक सीडिंग के साथ हुई थी। इसके बाद दिसंबर 2025 में विभिन्न सरकारी विभागों और स्टेकहोल्डर्स के साथ रणनीतिक चर्चाएं शुरू हुईं। जनवरी 2026 में कॉन्सेप्ट नोट साझा किया गया, जबकि नौ मार्च 2026 को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की उपस्थिति में एमओयू साइन किया गया। इसके बाद मीडिया कवरेज, फाइनल डीपीआर और एमएसएमई विभाग के माध्यम से जिलाधिकारियों को पत्र जारी करने जैसी प्रक्रियाएं पूरी की गईं। अप्रैल 2026 तक बैंकिंग पार्टनर्स के साथ फाइनेंशियल एनेबलमेंट को लेकर भी रणनीतिक बातचीत शुरू कर दी गई। इससे अब यह परियोजना लाइव के लिए पूरी तरह तैयार मानी जा रही है।

**माइलस्टोन**

**सरकार की ओर से परियोजना से जुड़े लगभग सभी प्रमुख माइलस्टोन पूरे कर लिए गए हैं**

प्रोजेक्ट गंगा के तहत डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर नेटवर्क तैयार किया जाएगा, जो ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और आधुनिक डिजिटल सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करेगा। इसके माध्यम से घर-घर हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड, पब्लिक वाई-फाई और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स तक पहुंच संभव होगी।

साथ ही सीसीटीवी आधारित सुरक्षा समाधान, साइबर सिक्योरिटी सेवाएं और संस्थानों की डिजिटल कनेक्टिविटी को भी मजबूत किया जाएगा। परियोजना का लक्ष्य केवल इंटरनेट पहुंचाना नहीं, बल्कि गांवों को भविष्य की डिजिटल तकनीकों के लिए तैयार करना है।

इस प्रोजेक्ट के जरिए ग्रामीण युवाओं को डिजिटल रोजगार से जोड़ने पर विशेष फोकस किया गया है। इसके तहत फ्रीलांसिंग, रिमोट वर्क, ऑनलाइन वोकेशनल ट्रेनिंग और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे गांवों में रहने वाले युवाओं को भी बड़े शहरों जैसी डिजिटल संभावनाओं का लाभ मिलेगा। माना जा रहा है कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल इकॉनामी को नई गति दे सकती है और रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकती है। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि डिजिटल कनेक्टिविटी ही भविष्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। ऐसे में प्रोजेक्ट गंगा कनेक्टेड गांव, समृद्ध यूपी के विजन को मजबूत आधार देगा। सरकार की कोशिश है कि डिजिटल सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और उत्तर प्रदेश तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर राज्य के रूप में नई पहचान बनाए।

# वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम से बदलेगी सीमावर्ती गांवों की तस्वीर

**वाईब्रेंट विलेज**

**राज्य सरकार ने वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम-।। के तहत व्यापक कार्ययोजना तैयार की घोषणा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राजस्थान के सीमावर्ती गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए राज्य सरकार ने वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम-।। के तहत व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की निगरानी में सीमावर्ती क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, रोजगार सृजन और सामुदायिक विकास को गति दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ह्लसीमावर्ती गांव देश के अंतिम नहीं, बल्कि प्रथम गांव हैंह्व की सोच को आधार बनाकर राज्य सरकार सीमांत क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाओं और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर का नेटवर्क तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री स्वयं योजना की नियमित मॉनिटरिंग कर अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश दे रहे हैं।

वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम-।। के तहत राजस्थान के पांच सीमावर्ती जिलों के 184 रणनीतिक गांवों का चयन किया गया है। इनमें श्रीगंगानगर के 68, बीकानेर के 46, बाड़मेर के 36, जैसलमेर के 30 और फलौदी जिले के 4 गांव शामिल हैं। इन गांवों में सड़क संपर्क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, दूरसंचार, टेलीविजन कनेक्टिविटी, पर्यटन, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन, स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों को बढ़ावा देने सहित कई विकास कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत प्रत्येक रणनीतिक गांव के विकास के लिए प्रतिवर्ष 3 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वर्तमान में चयनित 184 गांवों में से 123 गांवों में 232 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 515 विकास कार्य प्रस्तावित हैं। इसके अलावा सीमा ब्लॉकों के 3 हजार 195 गांवों में सड़क, दूरसंचार, टीवी कनेक्टिविटी और ऑन-ग्रिड विद्युतीकरण जैसी सुविधाओं की संतृप्ति सुनिश्चित की जाएगी। योजना के जरिए सीमावर्ती क्षेत्रों में रोजगार, पर्यटन और स्थानीय आजीविका के नए अवसर विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है।

# अल्मोड़ा में राज्य स्तरीय एसडीजी एचीवर्स अवार्ड समारोह में मुख्यमंत्री ने विजेताओं को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**अल्मोड़ा।** राज्य स्तरीय एसडीजी एचीवर्स अवार्ड समारोह अल्मोड़ा के उदय शंकर नृत्य एवं संगीत अकादमी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस वर्ष के लिए 32 संगठनों, व्यक्तियों, समूहों को उनके द्वारा किए गए नवाचारी एवं सतत पहलों के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय एसडीजी की वार्षिक रैंकिंग में 6 जनपदों को शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। मुख्यमंत्री ने पुरस्कृत विजेताओं को बधाई दी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एसडीजी अचीवर्स अवार्ड समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह अवसर उन सभी व्यक्तित्वों और संस्थाओं को सम्मानित करने का है जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार, उत्कृष्ट कार्य एवं समाजहित में अनुकरणीय योगदान दिया है। उन्होंने सभी महानुभावों एवं संस्थाओं का स्वागत और अभिनंदन करते हुए कहा कि ऐसे कर्मयोगियों के बीच उपस्थित होना उनके लिए गौरव का विषय है, जिन्होंने अपने समर्पण, परिश्रम और संकल्प के बल पर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त



करते हुए कहा कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति की दिशा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 32 ऊर्जावान औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों ने यह सिद्ध किया है कि मजबूत इरादों और सीमित संसाधनों के बावजूद असाधारण उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं तथा साधारण से असाधारण की यात्रा तय की जा सकती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य को प्रत्येक वर्ष अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन जब पर्यावरण और विकास साथ-साथ चलते हैं तभी संतुलित एवं स्थायी विकास संभव होता है। यदि दोनों अलग-अलग हो जाएं तो विकास अधूरा रह जाता है। इकोलॉजी और इकोनॉमी की इसी सोच के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय नीति आयोग के एसडीजी इंडिया इंडेक्स में उत्तराखंड 10वें स्थान पर था, जबकि ताजा रिपोर्ट के अनुसार आज राज्य पूरे देश में प्रथम स्थान पर पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि अभी भी कई ऐसे पैरामीटर हैं जिनमें और बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है तथा सरकार उन क्षेत्रों में भी तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सुशासन, गरीब कल्याण, सीमांत क्षेत्रों के विकास, बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के क्षेत्र में राज्य सरकार लगातार प्रभावी कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि एसडीजी में प्रथम स्थान प्राप्त करना इस बात का प्रमाण है कि उत्तराखंड की विकास यात्रा सही दिशा में आगे बढ़ रही है। विकसित भारत के निर्माण में उत्तराखंड भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है तथा प्रदेश के समग्र विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।

# गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने वालों को सनातनी करेंगे वोटः शंकराचार्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में बुधवार को गौरक्षा को लेकर प्रदेश भ्रमण पर निकले जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि इस बार चुनाव में गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने वालों को ही सनातनी वोट करेंगे। जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज के यहां पहुँचने पर सनातनी हिन्दुओं ने उनका स्वागत किया' उन्होंने सनातनी हिन्दुओं से अपील करते हुए कहा कि गाय की हत्या करने वालों को वोट नहीं करना चाहिए जो गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दे उसे ही सनातनी हिन्दू वोट करेंगे। गौ रक्षा हम सब सनातनियों का पहला धर्म है।शंकराचार्य की गाविष्ठी यात्रा बांदा-फतेहपुर जनपद सीमा पर स्थित बेंदा घाट, मुततौर होकर जब यात्रा सुजानपुर गांव पहुंचने पर गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने उनकी चरण पादुका धोकर आरती उतारी फूलमाला और उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर जगतगुरु शंकराचार्य का अभिनंदन किया गया।

# योग और खजुराहो दोनों भारतीय संस्कृति के अभिन्न स्तंभः मोहन

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय योग परम्परा को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़कर स्वस्थ, जागरूक एवं आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। योग और खजुराहो, दोनों ही सदियों से भारतीय संस्कृति के अभिन्न स्तंभ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के 25 दिवसीय काउंटडाउन के अवसर पर यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में बुधवार को आयोजित योग महोत्सव 2026 कार्यक्रम को वीडियो कानफ्रेंस के जरिए वर्चुअली जुड़कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार योग के प्रचार के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है। योग को प्रदेश के घर-घर तक पहुंचाने के लिए आयुष विभाग द्वारा इन दिनों "घर-घर योग-हर व्यक्ति निरोगऱ अभियान भी चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि योग आज सिर्फ एक व्यायाम नहीं, बल्कि 'वन अर्थ-वन हेल्थ' की भावना को साकार करने वाला जीवन दर्शन बन चुका है। मध्य प्रदेश सरकार घर-घर योग हर व्यक्ति



निरोध के भाव से योग और आयुष चिकित्सा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। आयुष विभाग के माध्यम से आरोग्य मंदिरों, योग वेलनेस सेंटर्स और विभिन्न जनजागरुकता की गतिविधियों के माध्यम से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए सफल अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले काउंटडाउन इवेंट से देशभर में लाखों लोग जुड़ रहे हैं। आज की युवा पीढ़ी भी योग को सहर्ष स्वीकार कर रही है। हम योग को सांस्कृतिक मूल्यों के साथ जोड़कर एक स्वस्थ, जागरूक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबके सहयोग से हम योग को हर नागरिक के जीवन का हिस्सा बनाने की ओर बढ़ रहे हैं।

# सीएम साय ने स्व. रूपनारायण को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बुधवार को राजधानी रायपुर के कबीर नगर स्थित छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष, संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व संभागीय संगठन मंत्री स्वर्गीय रूपनारायण सिन्हा के निवास पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा अंतिम दर्शन किए। मुख्यमंत्री साय ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शोक संतप्त



परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस दुःख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वर्गीय रूपनारायण सिन्हा का स्नेह, सरलता, संगठन क्षमता और समाज के प्रति समर्पण सदैव स्मृतियों में जीवंत रहेगा। उन्होंने संगठन, जनसेवा, योग तथा भारतीय संस्कृति के संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान दिया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका निधन भाजपा परिवार, संगठन और पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है।

मुख्यमंत्री साय ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों, शुभचिंतकों और समर्थकों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति दें।

# अवैध शराब तस्करी मामले में एक वांछित आरोपित गिरफ्तार

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद के थाना बनकटा पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के मामले में बुधवार को एक वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह ने बताया कि थाना बनकटा पर पंजीकृत मुकदमा आबकारी अधिनियम से संबंधित वांछित आरोपित जितेन्द्र यादव निवासी जगदीशपुर थाना श्रीरामपुर को सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उसके घर से दबोच लिया।

कांस्टेबल अमृत राजभर तथा आरक्षी विनीत यादव शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री हेमन्त से उत्तरी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त विजय कुमार गुप्ता ने की शिष्टाचार भेंट

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को रांची स्थित कांके रोड के मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त विजय कुमार गुप्ता ने मुलाकात की। यह मुलाकात शिष्टाचार भेंट के रूप में हुई, जिसमें राज्य के विभिन्न प्रशासनिक और विकासात्मक विषयों पर संक्षिप्त चर्चा भी की गई।



मुलाकात के दौरान प्रमंडल क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं, प्रशासनिक कार्यों की प्रगति तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई। इसके साथ ही क्षेत्र में आधारभूत संरचना, पेयजल, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित योजनाओं की स्थिति पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आम जनता तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया।

उन्होंने निर्देश दिया कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति बनाए रखते हुए लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। वहीं, प्रमंडलीय आयुक्त ने मुख्यमंत्री को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के विभिन्न जिलों में संचालित योजनाओं और प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी।

# मुख्यमंत्री ने किया बिरसा लिब्स इन न्यू भारत कार्यक्रम का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार** के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद सभागार में जनजातीय गरिमा उत्सव-2026 के अंतर्गत आयोजित बिरसा लिब्स इन न्यू भारत थीम पर आधारित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के लाभुक छात्र-छात्राओं से संवाद किया और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत और समृद्ध बिहार की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ अपने आप में ऐतिहासिक पहल है, जो समाज के वंचित तबकों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा को आदिवासी समाज का महानायक बताते हुए कहा कि देश इस वर्ष उनकी 150वीं जयंती मना रहा है। इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष 15 नवंबर को की थी। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश की आजादी और आदिवासी समाज के अधिकारों की लड़ाई में ऐतिहासिक योगदान दिया था। उनके आदर्श आज भी समाज को प्रेरित कर रहे हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार और झारखंड के विभाजन के बाद बिहार में हरित आवरण काफी कम होकर मात्र 8 से 9 प्रतिशत रह गया था, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार ने वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए व्यापक अभियान चलाया। इसके परिणामस्वरूप अब बिहार का वन क्षेत्र बढ़कर लगभग 15 प्रतिशत हो गया है और सरकार का लक्ष्य इसे 17 प्रतिशत तक पहुंचाने का है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की गई है, जहां बिहार बोर्ड के साथ-साथ सीबीएसई पाठ्यक्रम के आधार पर पढ़ाई कराई जाएगी। इससे अनुसूचित जनजाति समाज के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी और वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पधाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत लगभग एक लाख चार हजार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र-छात्राओं को लाभ दिया गया है। इनमें 4,155 अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थी शामिल हैं। वहीं प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत इस वर्ष 20 लाख 46 हजार छात्र-छात्राओं को सहायता दी गई है, जिनमें 1 लाख 41 हजार अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी हैं।

उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में भी आदिवासी समाज की बड़ी आबादी (लगभग 20 हजार) निवास करती है और सरकार उनके सामाजिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रत्येक प्रखंड में मॉडल स्कूल खोले जा रहे हैं तथा जुलाई महीने से नए डिग्री कॉलेजों की शुरूआत की जाएगी, ताकि ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़े।

# विधि शिक्षा का उपयोग विद्यार्थी जरूरतमंदों, पीड़ित और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए करेंः राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि विधि शिक्षा प्रत्यक्षतः समाज से जुड़ी शिक्षा है। इसका उपयोग विद्यार्थी जरूरतमंदों, पीड़ित और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए करें। उन्होंने विधि शिक्षा में राष्ट्र और समाज हितों को सदा अग्रणी रखने और इस शिक्षा में उच्च संवैधानिक मूल्यों के साथ राजस्थान को अग्रणी किए जाने का आह्वान किया। बागडे बुधवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दीक्षांत विद्यार्थियों के प्राप्त ज्ञान के संस्कार का उत्सव दिन है। तैत्तिरीय उपनिषद् में शिक्षा समाप्ति पर आचार्य की



दीक्षांत शिक्षा का उल्लेख मिलता है। उन्होंने कहा कि गुरुकुल में जब शिक्षा पूरी हो जाती थी तो गुरु अपने शिष्य को अंतिम उपदेश देते थे। यह उपदेश सत्य की राह पर चलने, धर्म का आचरण करने और अपनी प्राप्त शिक्षा का अहंकार नहीं पालने से जुड़ा होता था। यही आज का दीक्षांत समारोह हैं।

राज्यपाल ने डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर को याद करते हुए कहा कि बॉम्बे विधानसभा में वर्ष 1938 में उन्होंने कहा था कि ऱमैं चाहता हूं कि समस्त लोग पहले भारतीय हों, और अंततः भारतीय हों तथा भारतीय के सिवाय और कुछ भी नहीं हों। उन्होंने कहा कि विधि शिक्षा का भी मूल यही होना चाहिए

**विधि शिक्षा**

**विधि शिक्षा प्रत्यक्षत: समाज से जुड़ी शिक्षा है। वंचित वर्ग के कल्याण के लिए करें**

कि सबसे पहले हम भारतीय हैं, उसके बाद किसी वर्ग, जाति या समुदाय से आते हैं। देश सवोच्च है। बागडे ने कहा कि स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री के पद पर रहते हुए बाबा साहेब ने वंचित वर्गों के अधिकारों, ऊँच-नीच का भेद मिटा कर समानता स्थापित करने वाले कानून पारित करवाए। उन्होंने डीडवाना के बच्छराज व्यास का स्मरण करते हुए कहा कि वह कभी कोई मुकदमा नहीं हारे। इसका बड़ा कारण यह था कि वह पक्षकारों को गंभीरता से लेते, प्रकरण के सभी पहलुओं का बारीकी से अध्ययन करते और संविधान से जुड़े मूल्यों के गहन जानकार थे। उन्होंने कहा कि विधि शिक्षा में भारतीय सभ्यता और संस्कृति के साथ शब्द संपदा को गंभीरता से लेकर यदि आगे बढ़ेंगे तो सभी क्षेत्रों में सफलता मिलेगी। उन्होंने विरोध के नाम पर गाली देने की परम्परा को संविधान विरुद्ध बताते हुए कहा कि बोले गए शब्द कभी वापस नहीं आते। इसलिए बोलने में सदा सजगता रखनी चाहिए। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर विधि विशेषज्ञ ही नहीं थे वह बहुत बड़े अर्थशास्त्री, मनोवैज्ञानिक, लेखक और विविध विषयों के जानकार थे। उन्होंने कहा कि वह 1927 में बॉम्बे विधान परिषद के सदस्य बन गए थे। उन्होंने कहा कि देश के पहले कानून मंत्री डॉ. अंबेडकर थे। मुझे इस बात का गर्व है कि प्रधानमंत्री मोदी ने मुझे उसी परंपरा में देश का कानून मंत्री बनाया है। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व के विविध आयामों पर विश्वविद्यालय व्याख्यानमाला आयोजित करे। इससे नई पीढ़ी उनसे जुड़े एकांगी दृष्टिकोण की बजाय समग्र बौद्धिक व्यक्तित्व के रूप में उन्हें गहरे से जान सकेंगे।